माघ शुक्ल - 1 ▪ संवत 2080 ▪ वर्ष - 11 ▪ अंक - 168 ▪ पृष्ठ - 8 ▪ रु. 5/- चेन्नई » शुक्रवार » 12-01-2024 ▪ www.dakshinbharat.com ▪ Email : chennai@dakshinbharat.com

# दक्षिण भारत राष्ट्रमत

தக்ஷின் பாரத் ராஷ்ட்ரமத் | தினசரி ஹிந்தி நாளிதழ் | चेन्नई और बेंगलूरु से एक साथ प्रकाशित



5 न कांग्रेस न सपा चुनौती, पूरा देश आज 'राम मय' है

6 युवा पीढ़ी के प्रणेता स्वामी विवेकानंद

7 प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होंगे आडवाणी : विहिप






## फर्स्ट टेक

### संसद का बजट सत्र 31 से नौ फरवरी के बीच संभावित

**नई दिल्ली/भाषा।** संसद का संक्षिप्त बजट सत्र 31 जनवरी से नौ फरवरी के बीच आयोजित होने की संभावना है। सूत्रों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 31 जनवरी को दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित करेंगी। सरकार एक फरवरी को लेखानुदान या 'अंतरिम बजट' पेश करेगी। नई सरकार बाद में पूर्ण बजट पेश करेगी। वर्तमान लोकसभा का कार्यकाल 16 जून को समाप्त हो रहा है, इसलिए आम चुनाव की घोषणा से पहले यह सत्रहवीं लोकसभा का संभवत: आखिरी सत्र होगा। वर्ष 2019 में, लोकसभा चुनावों की घोषणा 10 मार्च को की गई थी और 11 अप्रैल से 19 मई के बीच सात चरणों में मतदान हुआ था।

### अफगानिस्तान में 6.1 तीव्रता का भूकंप, उत्तर भारत में भी झटके

**नई दिल्ली/भाषा।** अफगानिस्तान में बृहस्पतिवार को 6.1 तीव्रता का भूकंप आया, जिसके झटके उत्तर भारत के कुछ हिस्सों में भी महसूस किए गए। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र ने यह जानकारी दी। उसने कहा कि भारतीय समयानुसार अपराह्न दो बजकर 50 मिनट पर आए भूकंप का केंद्र काबुल से 241 किलोमीटर उत्तर उत्तरपूर्व में था। भूकंप से लोगों में दहशत फैल गई। दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में कई लोगों ने भूकंप के झटके महसूस होने की बात कही।

### गूगल ने सैकड़ों कर्मचारियों को बाहर का रास्ता दिखाया

**सैन फ्रांसिस्को/एपी।** गूगल ने लागत में कटौती के उपायों के तहत अपनी हार्डवेयर, वॉयस असिस्टेंस और इंजीनियरिंग टीम में काम करने वाले सैकड़ों कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया है। कंपनी की ओर से जारी बयान के अनुसार, यह छंटनी इसलिए की गई है क्योंकि ''गूगल कंपनी की सबसे बड़ी प्राथमिकताओं और आगे आने वाले महत्वपूर्ण अवसरों में जिम्मेदारी से निवेश करने की ओर अग्रसर है। बयान में कहा गया, कुछ टीमें इस प्रकार के संगठनात्मक परिवर्तन करना जारी रख रही हैं।

| | |
|---|---|
| सूर्यास्त 12-01-2024 5:59 बजे | सूर्योदय 13-01-2024 6:34 बजे |
| BSE 71,721.18 (+63.47) | NSE 21,647.20 (+28.50) |
| सोना 6,577 रु. (24 कैरेट) प्रति ग्राम | चांदी 80,000 रु. प्रति किलो |

**मिशन मंडेला**
**दक्षिण भारत राष्ट्रमत**
दक्षिण भारत का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक
epaper.dakshinbharat.com



कैलाश मण्डेला, मो. 9828233434

**दल-सार**

राजनीति में सब दल का,
लगभग समान होता चरित्र।
सत्ता लोभी कुर्सी जुगाड़ु,
अवसरवादी हैं सभी मित्र।
नायक हैं जिनके दूध धुले,
जनहितकारी सच्चे पवित्र।
सबकी आदर्श संहिताएं,
जिनमें होते हैं कई छिद्र।।

वार्षिक स्वच्छता सर्वेक्षण के नतीजे घोषित

# इंदौर 7वीं बार 'सबसे स्वच्छ शहर'

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** केंद्र सरकार के वार्षिक स्वच्छता सर्वेक्षण के नतीजे बृहस्पतिवार को घोषित किए गए जिसमें इंदौर और सूरत को देश के सबसे स्वच्छ शहर के रूप में चुना गया। इंदौर ने लगातार सातवीं बार यह खिताब जीता, जबकि सूरत संयुक्त विजेता रहा। नवी मुंबई तीसरे स्थान पर रहा।

स्वच्छता सर्वेक्षण पुरस्कार 2023 में 'शानदार प्रदर्शन करने वाले राज्यों' की श्रेणी में महाराष्ट्र ने पहला स्थान हासिल किया जिसके बाद मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ रहे। पिछले सर्वेक्षण में मध्य प्रदेश को सबसे स्वच्छ राज्य का खिताब मिला था।

पश्चिम बंगाल के तीन शहर– मध्यमग्राम (444वां स्थान), कल्याणी (445वां स्थान) और हाओरा (446वां स्थान) निचले स्थान पर हैं।

राज्यों की श्रेणी में निचले तीन स्थान पर राजस्थान, मिजोरम और अरुणाचल प्रदेश शामिल हैं।

सर्वेक्षण के नतीजों के अनुसार, एक लाख से कम आबादी वाले 3,970 शहरों में महाराष्ट्र के सासवड को सबसे स्वच्छ शहर का पुरस्कार मिला। इस श्रेणी में छत्तीसगढ़ के पाटन को दूसरा और महाराष्ट्र के लोनावला को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ।

गंगा नदी के किनारे बसे शहरों में वाराणसी को सबसे स्वच्छ चुना गया जिसके बाद प्रयागराज को स्थान मिला। उसके बाद बिजनौर, हरिद्वार, कन्नौज, पटना, ऋषिकेश, कानपुर, राजमहल आदि हैं। गंगा किनारे बसे 88 ऐसे शहरों में छपरा अंतिम स्थान पर है।

> 'शानदार प्रदर्शन करने वाले राज्यों' की श्रेणी में महाराष्ट्र ने पहला स्थान हासिल किया जिसके बाद मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ रहे।

सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने कहा

# म्यामांर के 416 सैन्यकर्मी भारत में घुस आए थे, कड़ी निगरानी रखी जा रही है

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने बृहस्पतिवार को कहा कि म्यामांर के सशस्त्र जातीय समूहों और सरकारी बलों के बीच लड़ाई से उत्पन्न स्थिति के मद्देनजर वहां के लगभग 416 सैनिक भारत में आ गए थे। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना घटनाक्रम पर बारीकी से नजर रख रही है।

सेना दिवस से पहले एक संवाददाता सम्मेलन में, जनरल पांडे ने भारत–म्यामांर सीमा के पास की स्थिति को चिंताजनक बताया और कुछ विद्रोही समूह उस देश के सीमांत क्षेत्र में दबाव महसूस कर रहे हैं और मणिपुर में प्रवेश करने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा, भारत–म्यामांर सीमा पर स्थिति पर हम करीबी नजर रख रहे हैं।

अधिकारियों ने कहा कि म्यामांर के सभी 416 सैन्य कर्मियों को वापस भेजा जा चुका है।

कथित तौर पर जुंटा (सैन्य सरकार) विरोधी समूहों ने भारत के साथ म्यामांर की सीमा के पास कई प्रमुख शहरों, सैन्य ठिकानों पर नियंत्रण कर लिया है और अस्थिर स्थिति ने म्यामांर के कई नागरिकों को मिजोरम में शरण लेने के लिए मजबूर किया है। उन्होंने कहा, वह (भारत–म्यामांर सीमा पर स्थिति) हमारे लिए चिंता का विषय है। आप पिछले कुछ महीनों में म्यामांर सेना और जातीय सशस्त्र संगठनों तथा पीडीएफ (पीपुल्स डिफेंस फोर्सेज) की गतिविधियों से अवगत हैं।

# इतिहास ने जब भी करवट ली, कांग्रेस ने हमेशा बहिष्कार किया : भाजपा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/वार्ता।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने गुरुवार को कहा कि देश के इतिहास ने जब भी करवट ली, कांग्रेस ने उसका साथ देने की बजाय बहिष्कार किया और इसीलिए जनता चुनाव–दर–चुनाव कांग्रेस का बहिष्कार कर रही है।

भाजपा के प्रवक्ता एवं सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने यहां पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन में यह बात कही। उन्होंने अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि मंदिर में नवीन विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में कांग्रेस नेताओं के नहीं जाने के फैसले को लेकर कांग्रेस पार्टी और उनकी मानसिकता पर कड़ा प्रहार किया।


त्रिवेदी ने कहा, भारत का इतिहास जब भी करवट लेता है तब उस अवसर में शामिल होने या फिर उसका साथ देने के की जगह कांग्रेस पार्टी उसका बहिष्कार करती है। नए संसद भवन के निर्माण ,जी 20 की भारत की अध्यक्षता, जीएसटी कर संरचना, पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद या फिर वर्तमान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु का अभिभाषण हो, कारगिल विजय दिवस का मनाने की बात हो, 1998 में पोखरण में परमाणु परीक्षण हो, या फिर उन्हीं के पार्टी के नेता रहे पूर्व राष्ट्रपति प्रणव मुखर्जी को भारत रत्न प्रदान किये जाने की बात हो, कांग्रेस पार्टी सभी का बहिष्कार करती आई है।

# स्कूल बस ट्रक से टकराई, दो की मौत, 20 स्कूली बच्चे घायल

**जयपुर/भाषा।** राजस्थान के पाली के सुमेरपुर थाना क्षेत्र में बृहस्पतिवार सुबह एक बस की एक ट्रक से टक्कर हो गई जिससे दो लोगों की मौत हो गई जबकि 20 स्कूली बच्चे घायल हो गये। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेशाध्यक्ष सी पी जोशी ने हादसे पर दुख व्यक्त करते हुए शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदनाएं व्यक्त करते की और अधिकारियों को घायलों को बेहतरीन उपचार उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा कि गुजरात से राजस्थान भ्रमण के लिए आई स्कूल बस का सुमेरपुर पाली थाना क्षेत्र में दुर्घटनाग्रस्त होने का समाचार अत्यंत दुःखद व हृदय विदारक है। उन्होंने कहा, ''मेरी संवेदनाएं शोक संतप्त परिजनों के साथ हैं। प्रभु श्री राम से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्माओं को शांति और घायलों को शीघ्र स्वास्थ्य लाभ प्रदान करें। स्थानीय प्रशासनिक अधिकारियों को घायलों के उत्तम सुविधाओं से युक्त उपचार के लिए निर्देश दिए गए हैं।''

# यूपीआई दुनिया की सबसे अच्छी भुगतान प्रणाली : दास

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**मुंबई/भाषा।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकांत दास ने कुछ हलकों की उस आलोचना को बृहस्पतिवार को खारिज कर दिया कि जिसमें दावा किया गया था कि यूपीआई की भारी सफलता के बाद इसके निर्माता एनपीसीआई का 'एकाधिकार' हो गया है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भुगतान ऐप के बढ़ने की अधिक गुंजाइश है और यह विश्व में अग्रणी बन सकती है।

भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) द्वारा विकसित यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस या यूपीआई बेहद सफल रहा है। यह सिंगापुर और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) सहित कुछ देशों में पहले से ही चालू है।

देश में इसका मासिक लेनदेन कई महीने पहले 100 अरब का आंकड़ा पार कर गया था। आरबीआई अन्य देशों के और केंद्रीय बैंकों के साथ भी चर्चा कर रहा है।


इस आलोचना को खारिज करते हुए कि आरबीआई और अन्य वित्तीय संस्थानों द्वारा स्थापित एनपीसीआई एकाधिकार बन गया है, दास ने कहा कि यह सबसे बेहतरीन मंच है।

दास ने बिजनेस दैनिक समाचार पत्र 'मिंट' द्वारा आयोजित बीएफएसआई संगोष्ठी में यह बात कही। उन्होंने कहा, यूपीआई पहले से ही एक डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचा बन चुका है। वास्तव में इसे और बढ़ना है। मैं कहूंगा कि यह दुनिया की अभी तक की सबसे अच्छी भुगतान प्रणाली है और मैं चाहता हूं कि यह विश्व में भी अग्रणी बने।

हालांकि, उन्होंने कहा कि आरबीआई को एनपीसीआई का प्रतिद्वंद्वी होने से कोई गुरेज नहीं है और वास्तव में उसने इसके लिए आवेदन मांगे थे, लेकिन भी तक उनके पास जो भी प्रस्ताव आए हैं उनमें से किसी में भी कुछ नया नहीं है।

# गाजा में एक भूमिगत सुरंग में बंधकों की मौजूदगी के सबूत मिले हैं : इजराइली सेना

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**खान यूनिस (गाजा पट्टी)/एपी।** इजराइली सेना ने बुधवार को कहा कि उसे गाजा पट्टी के खान यूनिस शहर में एक भूमिगत सुरंग में बंधकों की मौजूदगी के सबूत मिले हैं।

सेना ने पत्रकारों को सुरंग दिखाई। उन्हें नष्ट हुए मकानों और ध्वस्त सड़कों के मलबे के पास ले जाया गया था। टिन से बने एक झोपड़ीनुमा आवास के अहाते में सुरंग का प्रवेश द्वार ढंका था। एक अस्थायी सीढ़ी लगभग आठ फुट नीचे, संकरे भूमिगत रास्ते की ओर जाती थी। सुरंग का तापमान गर्म था और उसमें उमस थी जिसकी दीवारें कंक्रीट और बिजली के तारों से अटी पड़ी थीं। अंदर एक शौचालय था और सेना के अनुसार उसे वहां बंधकों के होने के निशान मिले हैं जिसमें उनके डीएनए भी शामिल हैं।

सेना के मुख्य प्रवक्ता रियर एडमिरल डैनियल हैगारी ने कहा, यहां इस सुरंग में बंधकों को रखा गया था।

हैगारी ने इस बारे में कोई विवरण नहीं दिया कि सुरंग में वास्तव में क्या मिला और न ही उन्होंने यह बताया कि बंधक वहां कब से थे या उन्होंने उनकी पहचान कैसे की। उन्होंने यह भी नहीं बताया कि क्या वे मारे गए या जीवित हैं।

# समान नागरिक संहिता लागू करने वाला तीसरा राज्य होगा असम : हिमंत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**गुवाहाटी/भाषा।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने बृहस्पतिवार को यहां कहा कि उत्तराखंड और गुजरात के बाद असम समान नागरिक संहिता (यूसीसी) से संबंधित विधेयक पेश करने वाला तीसरा राज्य होगा और यह आदिवासी समुदायों को प्रस्तावित कानून के दायरे से छूट देगा।

यूसीसी का मतलब है– देश के सभी नागरिकों के लिए एक समान कानून, जो धर्म पर आधारित नहीं है।

मुख्यमंत्री ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, ''हम यूसीसी पर उत्तराखंड के विधेयक का इंतजार कर रहे हैं और इसके पेश होने के बाद, असम कुछ अतिरिक्त खंडों के साथ इस दिशा में कदम बढ़ाएगा।'' उन्होंने कहा, असम मॉडल में कुछ नवीन बिंदु होंगे, क्योंकि यह राज्य बाल विवाह और बहुविवाह की प्रथाओं के खिलाफ संघर्ष कर रहा है। उन्होंने कहा, ''हम उत्तराखंड विधेयक का अध्ययन करेंगे और विचार करेंगे कि क्या अगले दो से तीन महीनों के भीतर सार्वजनिक परामर्श संभव होगा।''

शर्मा ने कहा कि यदि कुछ जटिलताएं उत्पन्न होती हैं, तो इस मामले पर विशेषज्ञों के साथ चर्चा की जाएगी और विधेयक को तदनुसार तैयार किया जाएगा। उन्होंने कहा, ''सब कुछ उत्तराखंड और गुजरात द्वारा पारित विधेयकों पर निर्भर करता है, लेकिन असम निश्चित रूप से यूसीसी पर विधेयक लाने वाला तीसरा राज्य होगा।''

मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि राज्य सरकार अगले महीने शुरू होने वाले विधानसभा के बजट सत्र में राज्य में बहुविवाह को समाप्त करने के लिए एक विधेयक लाने की योजना बना रही है।

एक विशेषज्ञ समिति ने बहुविवाह समाप्त करने के लिए विधानसभा की क्षमता पर एक रिपोर्ट प्रस्तुत की थी, जिसके बाद राज्य में सामाजिक खतरे को समाप्त करने के लिए प्रस्तावित विधेयक के संबंध में 150 सुझाव प्राप्त हुए थे।

# अबू धाबी में हिंदू मंदिर का उद्घाटन सहिष्णुता, स्वीकृति के लिए बड़ी उपलब्धि : यूएई राजदूत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**गांधीनगर/भाषा।** भारत में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के राजदूत अब्दुलनासिर अलशाली ने बृहस्पतिवार को कहा कि अबू धाबी में अगले महीने बोचासनवासी श्री अक्षर पुरुषोत्तम स्वामिनारायण संस्था (बीएपीएस) हिंदू मंदिर का उद्घाटन ''सहिष्णुता और स्वीकृति का जश्न मनाने'' के लिए एक महत्वपूर्ण दिन होगा।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 14 फरवरी को मंदिर का उद्घाटन करेंगे।

राजदूत अलशाली ने 'पीटीआई–भाषा' से कहा, हम 14 फरवरी को होने वाले उद्घाटन कार्यक्रम की प्रतीक्षा कर रहे हैं... यह एक अभूतपूर्व यादगार दिन होने के साथ सहिष्णुता, स्वीकृति का जश्न मनाने और इस रिश्ते को अधिक मजबूत करने का एक विशेष अवसर होगा।

# बांग्लादेश में 36-सदस्यीय मंत्रिपरिषद की घोषणा

**ढाका/भाषा।** बांग्लादेश ने बुधवार को 36–सदस्यीय मंत्रिपरिषद की घोषणा की, जिसमें कई मौजूदा मंत्री भी शामिल हैं। ये प्रधानमंत्री शेख हसीना के नेतृत्व में बृहस्पतिवार को शपथ लेने वाले हैं। सूची में 25 कैबिनेट और 11 राज्य मंत्री शामिल हैं, जिन्हें राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन पद की शपथ दिलाएंगे। सूची के अनुसार, 14 निवर्तमान मंत्रियों को कैबिनेट से हटा दिया गया है, जिनमें विदेश मंत्री एके अब्दुल मोमेन, वित्त मंत्री एएचएम मुस्तफा कमाल, योजना मंत्री अब्दुल मन्नान, कृषि मंत्री अब्दुर रज्जाक और वाणिज्य मंत्री टीपू मुंशी जैसे दिग्गज शामिल हैं। निवर्तमान मंत्रिपरिषद की संख्या 44 थी। मंत्रिपरिषद की नई सूची में 14 नए चेहरों को कैबिनेट मंत्री और सात को राज्य मंत्री के रूप में नामित किया गया है।

# दिवाला एवं ऋणशोधन अक्षमता संहिता में 'कुछ सुधार' की जरूरत : गवर्नर



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**मुंबई/भाषा।** दिवाला और ऋणशोधन अक्षमता संहिता (आईबीसी) के तहत कर्जदाताओं ने अपने कुल दावों पर 32 प्रतिशत की वसूली की है, लेकिन इस कानून के संबंध में 'कुछ सुधार' की जरूरत है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकांत दास ने बृहस्पतिवार को यह बात कही। उन्होंने कहा कि इस कानून को लेकर अभी तक हमने जो सीखा है, उसे देखते हुए कहा जा सकता है कि इसमें सुधार की जरूरत है। दास ने कहा कि आईबीसी की प्रमुख आलोचना दो मोर्चों पर है- समाधान में लगने वाला समय और ऋणदाताओं को बकाया वसूली पर होने वाला नुकसान (हेयरकट)।

आईबीसी 2016 में अस्तित्व में आया था। यह एक महत्वपूर्ण कानून है और इसका उद्देश्य समयबद्ध और बाजार से जुड़े तरीके से विवाद का समाधान करना है।

यहां सेंटर फॉर एडवांस्ड फाइनेंशियल रिसर्च एंड लर्निंग (कैफ्राल) द्वारा आईबीसी पर आयोजित एक सम्मेलन को संबोधित करते हुए दास ने कहा, अगर हमें आईबीसी के क्रियान्वयन की यात्रा और इसके अबतक के प्रभाव का जायजा लेना है, तो इसमें महत्वपूर्ण सकारात्मक संकेतों के साथ-साथ सीख भी है, जो कुछ सुधार की जरूरत बताती है।

केंद्रीय बैंक के गवर्नर ने कहा कि लेनदारों ने सितंबर, 2023 तक 9.92 लाख करोड़ रुपए के स्वीकृत दावों में से 3.16 लाख करोड़ रुपए की वसूली की है, जो 32 प्रतिशत की वसूली दर के बराबर है।

सकारात्मक पहलुओं पर उन्होंने कहा कि इसकी स्थापना के बाद से समाधान की प्रकृति के संदर्भ में 7,058 कॉरपोरेट देनदारों के मामलों को दिवाला समाधान के लिए स्वीकार किया गया। इसमें से 5,057 मामले सितंबर, 2023 तक निपटा दिए गए।

दास ने कहा कि 2,001 मामले समाधान प्रक्रिया के विभिन्न चरणों के तहत हैं।

# जो दूसरे बाजार के लिए अच्छा है, जरूरी नहीं कि वह हमारे लिए भी अच्छा हो: क्रिप्टो नियमों पर दास

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**मुंबई/भाषा।** भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकांत दास ने बृहस्पतिवार को कहा कि केंद्रीय बैंक क्रिप्टो करेंसी नियमों पर दूसरों का ''अनुकरण'' नहीं करेगा।

अमेरिकी नियामकों द्वारा बिटकॉइन एक्सचेंज ट्रेडेड फंड (ईटीएफ) को अनुमति देने के एक दिन बाद उन्होंने जोर देकर कहा कि क्रिप्टो करेंसी के प्रति बैंक और उनका अपना विरोध नहीं बदलेगा।

उन्होंने कहा कि उभरते बाजार और दुनिया ''क्रिप्टो को लेकर दीवानगी'' से निपट नहीं पाएगी। दास ने कहा, जो दूसरे बाजार के लिए अच्छा है, जरूरी नहीं कि वह हमारे लिए भी अच्छा हो। इसलिए हमारे विचार, रिजर्व बैंक के और व्यक्तिगत रूप से मेरे..वही रहेंगे।

बिजनेस डेली 'मिंट' द्वारा यहां आयोजित एक वित्तीय क्षेत्र सेमिनार को संबोधित करते हुए आरबीआई गवर्नर ने कहा कि उभरती बाजार अर्थव्यवस्थाओं और उन्नत अर्थव्यवस्थाओं के लिए क्रिप्टो करेंसी के रास्ते पर चलने से कई जोखिम उत्पन्न होंगे जिनसे निपटना बेहद मुश्किल होगा। क्रिप्टो करेंसी के संबंध में अमेरिका के कदम के बारे में पूछे जाने पर दास ने कहा, सवाल यह है कि आप उस रास्ते पर क्यों जाना चाहते हैं? आपको क्या मिलने वाला है? '' उन्होंने कहा, मैं इसपर टिप्पणी नहीं करना चाहता कि किसी दूसरे देश के नियामक ने क्या किया है। वे जानते हैं कि उनके देश के लिए सबसे अच्छा क्या है, लेकिन मैं यह कहना चाहूंगा कि उन्होंने स्वयं उत्पाद में जोखिमों को चिह्नित किया है और लोगों को बहुत सावधान रहने की सलाह दी है। वहीं यह पूछे जाने पर कि क्या वह आगामी लेखानुदान को मुद्रास्फीति बढ़ाने वाला मानते हैं, उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार के पिछले रिकॉर्ड को देखते हुए उन्हें नहीं लगता कि अंतरिम बजट से महंगाई बढ़ेगी।

गवर्नर ने रूस-यूक्रेन युद्ध की शुरुआत के बाद से मूल्यवृद्धि को रोकने के लिए सरकार द्वारा आपूर्ति को लेकर उठाए गए कई उपायों का भी जिक्र किया।




# सरकार का मिशन भारत को दुनिया का शीर्ष वाहन विनिर्माण केंद्र बनाना: गडकरी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**गांधीनगर/भाषा।** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बृहस्पतिवार को कहा कि सरकार का मिशन भारत को दुनिया का नंबर एक वाहन विनिर्माण केंद्र बनाना है। उन्होंने कहा कि हम वाहन उद्योग को 25 लाख करोड़ रुपए पर पहुंचाना चाहते हैं। केंद्रीय मंत्री ने यहां वाइब्रेंट गुजरात वैश्विक शिखर सम्मेलन (वीजीजीएस) में एक सेमिनार को संबोधित करते हुए वाहन विनिर्माताओं से स्वच्छ प्रौद्योगिकियों, खासकर इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) में निवेश करने को कहा। उन्होंने कहा कि यदि वे ऐसा नहीं करेंगे, पीछे छूट जाएंगे।

गडकरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के देश को पांच लाख करोड़ डॉलर की अर्थव्यवस्था और आत्मनिर्भर बनाने के लक्ष्य के अंतर्गत हम वाहन क्षेत्र को 25 लाख करोड़ रुपए का उद्योग बनाना चाहते हैं। उन्होंने कहा, हमें नंबर एक बनना है। हमारा मिशन, हमारा लक्ष्य भारतीय वाहन उद्योग को दुनिया में नंबर एक विनिर्माण केंद्र बनाना है। गडकरी ने कहा कि जब उन्होंने मंत्री के रूप में कार्यभार संभाला था, तब भारत का वाहन क्षेत्र दुनिया में सातवें स्थान पर था। उन्होंने कहा कि अब हमने जापान को पीछे छोड़ दिया है और हम तीसरे स्थान पर आ गए हैं। वाहन क्षेत्र में बहुत क्षमताएं हैं और यह सिर्फ घरेलू बाजार तक नहीं बल्कि अंतरराष्ट्रीय बाजार तक फैला है। भारत में वाहन उद्योग फिलहाल 12.5 लाख करोड़ रुपए का है। गडकरी ने कहा कि यह उद्योग देश में चार करोड़ नौकरियां पैदा कर चुका है। यह उद्योग राज्य और केंद्र सरकारों को जीएसटी के रूप में सबसे ज्यादा राजस्व देता है।

# सेमीकंडक्टर कारखाना लगाने में टाटा समूह का निवेश बड़ा, जल्दी मंत्रिमंडल की मंजूरी लेंगे : वैष्णव

**गांधीनगर/भाषा।** केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बृहस्पतिवार को कहा कि गुजरात में सेमीकंडक्टर चिप बनाने का कारखाना लगाने के लिए टाटा समूह का निवेश 'बहुत बड़ा' होगा और परियोजना की मंजूरी को लेकर एक कैबिनेट नोट जल्द पेश किया जाएगा।

वैष्णव ने गुजरात वैश्विक शिखर सम्मेलन में कहा कि टाटा का प्रस्तावित निवेश महत्वपूर्ण है क्योंकि यह फैब से लेकर ओएसएटी (आउटसोर्स्ड सेमीकंडक्टर असेंबली एंड टेस्ट) तक व्यापक सेवा प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि गुजरात के धोलेरा में प्रस्तावित फैब एक सेमीकंडक्टर चिप विनिर्माण कारखाना होगा। इसमें कंपनी का 'बड़ा निवेश' होगा। वैष्णव ने संवाददाताओं से कहा, इसपर पहले ही काफी अच्छी प्रगति हो चुकी है। हम इसे बहुत जल्द मंत्रिमंडल में ले जाएंगे और उसके बाद निर्माण शुरू हो जाएगा। उन्होंने कहा कि इस परियोजना के लिए केंद्रीय मंत्रिमंडल से मंजूरी की जरूरत होगी। केंद्रीय मंत्री ने यह भी कहा कि टाटा समूह परियोजना स्थापित करने के लिए तकनीकी भागीदार के साथ गठजोड़ करेगा। हालांकि, उन्होंने भागीदार का नाम या निवेश का विवरण साझा करने से इनकार कर दिया।



उल्लेखनीय है कि यहां वाइब्रेंट गुजरात वैश्विक शिखर सम्मेलन के दसवें संस्करण में अपने संबोधन में टाटा संस के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन ने घोषणा की थी कि समूह धोलेरा में सेमीकंडक्टर चिप बनाने का बड़ा कारखाना लगाएगा। इस संदर्भ में बातचीत अंतिम चरण में है। परियोजना 2024 में शुरू होगी।

वैष्णव ने बृहस्पतिवार को पत्रकारों से बातचीत में कहा कि सेमीकंडक्टर फैब एक मूलभूत उद्योग है, जिसका व्यापक प्रभाव होता है।

## सरकार की 84 कंपनियों में 'शत्रु संपत्ति' शेयर बेचने की योजना

**नई दिल्ली/भाषा।** सरकार 84 कंपनियों में 2.91 लाख से अधिक 'शत्रु संपत्ति' शेयरों को लोगों और कॉरपोरेट को किस्तों में बेचने की योजना बना रही है। सरकार का इरादा पाकिस्तान और चीन जाने वाले व्यक्तियों की संपत्ति का निपटान करना है।

एक सार्वजनिक नोटिस के अनुसार, पहली किस्त में सरकार 20 कंपनियों में करीब 1.88 लाख शेयर बेचने पर विचार कर रही है। उसने 10 श्रेणियों के खरीदारों से आठ फरवरी तक बोलियां आमंत्रित की हैं, जिनमें व्यक्तिगत लोग, एनआरआई, हिंदू अविभाजित परिवार (एचयूएफ), पात्र संस्थागत खरीदार (क्यूआईबी), न्यास और कंपनियां शामिल हैं।

पाकिस्तान और चीन की नागरिकता लेने वाले (ज्यादातर 1947 और 1962 के बीच) लोगों द्वारा छोड़ी गई संपत्ति को 'शत्रु संपत्ति' कहा जाता है। प्रस्तावित शेयर बिक्री देश में 'शत्रु संपत्ति' के निपटान की सरकार की पहल का हिस्सा है। खरीदारों को उन शेयरों के लिए बोली लगानी होगी जिन्हें वे खरीदना चाहते हैं और सरकार द्वारा निर्धारित आरक्षित मूल्य से नीचे उद्धृत किसी भी बोली को अस्वीकार कर दिया जाएगा।

# अनुशासन सभी के लिए, कुछ के लिए एक और बाकियों के लिए अलग नहीं हो सकता : सिद्धू

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**चंडीगढ़/भाषा।** व्यक्तिगत रैलियां निकालने के लिए कांग्रेस नेता नवजोत सिंह सिद्धू के खिलाफ पार्टी नेताओं के एक धड़े की अनुशासनिक कार्रवाई की मांग के बीच सिद्धू ने बृहस्पतिवार को कहा कि अनुशासन सभी के लिए एकसमान होना चाहिए। उन्होंने कहा कि अनुशासन कुछ के लिए अलग और बाकियों के लिए अलग नहीं हो सकता।

कांग्रेस की पंजाब इकाई के प्रभारी देवेन्द्र यादव से मुलाकात का जिक्र करते हुए सिद्धू ने कहा कि उनकी रैलियां, यादव के राज्य की तीन दिवसीय यात्रा से पहले ही निर्धारित थीं। क्रिकेटर से राजनेता बने सिद्धू ने जोर देकर कहा कि पार्टी की विचारधारा लोगों तक पहुंचाना सभी की जिम्मेदारी है।

यादव से मुलाकात से पहले सिद्धू ने वीडियो पोस्ट किया, जिसमें उन्होंने कहा, कौड़ी-कौड़ी बिके हुए लोग, समझौता करके घुटने पे टिके हुए लोग, अरे बरगद की बात करते हैं, गमलों में उगे हुए लोग। जब सिद्धू से 'एक्स' पर उनके पोस्ट के मतलब के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि जनता सब जानती है। कांग्रेस के कई नेताओं ने राज्य की इकाई से बिना विचार-विमर्श कर रैलियां निकालने के लिए सिद्धू के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी और यादव ने नौ दिसंबर को कहा था कि वह पूर्व क्रिकेटर से इस बारे में बात करेंगे। पंजाब इकाई के प्रभारी से मुलाकात के बाद सिद्धू ने कहा कि वह कांग्रेस की विचारधारा का प्रचार करने और कार्यकर्ताओं को पार्टी की विरासत से जोड़ने के लिए लोगों के बीच जा रहे थे। सिद्धू ने कहा, लोकतंत्र में जनता सबसे बड़ी ताकत होती है और यह हम सभी का कर्तव्य है कि कांग्रेस की विचारधारा को अपनाकर आलाकमान को सर्वोच्च मानें।

# 'नई प्रौद्योगिकियों की स्वीकार्यता के लिए शुल्क ढांचे का तर्कसंगत होना जरूरी'

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) जैसी नई प्रौद्योगिकियों की तेजी से स्वीकार्यता के लिए शुल्क ढांचे का तर्कसंगत होना महत्वपूर्ण है। बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया के अध्यक्ष विक्रम पावाह ने बृहस्पतिवार को यह बात कही। उन्होंने मौजूदा और साथ ही देश में प्रवेश करने के इच्छुक नई कंपनियों के लिए कराधान के मामले में समान अवसर पर जोर दिया।

पावाह ने यहां कहा, सरकार से हमारा हमेशा से यह कहना रहा है कि यदि आप नई प्रौद्योगिकियों को तेजी से अपनाना चाहते हैं और फिर स्थानीयकरण चाहते हैं, तो शुल्क ढांचे को कुछ तर्कसंगत बनाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि यदि शुल्क कम होते हैं, तो इससे कंपनियां ग्राहक को उत्पाद सही कीमत पर पेश कर सकती हैं। पावाह ने कहा कि मांग पैदा होने के बाद उत्पादों का स्थानीयकरण किया जा सकता है जैसा कि बीएमडब्ल्यू देश में परिचालन शुरू करने के बाद से कर रही है। वर्तमान में पूर्ण निर्मित इकाई (सीबीयू) के रूप में आयातित कारों पर 60-100 प्रतिशत का सीमा शुल्क लगता है। अमेरिका की प्रमुख ईवी कंपनी को कुछ रियायतें देने पर बातचीत के बारे में पूछे जाने पर पावाह ने कहा, हम किसी भी प्रकार के अधिमान्य समाधान का सुझाव नहीं देते हैं। सभी के लिए एक समान अवसर होना चाहिए, चाहे वह नया खिलाड़ी हो, या बाजार में पिछले दो दशक से हो।

## इंफोसिस का तीसरी तिमाही का शुद्ध लाभ 7.3% घटकर 6,106 करोड़ रुपए पर

**नई दिल्ली/भाषा।** सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनी इन्फोसिस का चालू वित्त वर्ष 2023-24 की दिसंबर, 2023 में समाप्त तीसरी तिमाही का एकीकृत शुद्ध लाभ 7.3 प्रतिशत घटकर 6,106 करोड़ रुपए रहा है। एक साल पहले समान तिमाही में कंपनी ने 6,586 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ कमाया था।

समीक्षाधीन तिमाही में कंपनी की परिचालन आय हालांकि 1.3 प्रतिशत बढ़कर 38,821 करोड़ रुपए हो गई, जो पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि में 38,318 करोड़ रुपए थी। इन्फोसिस ने चालू वित्त वर्ष के लिए अपने राजस्व वृद्धि के अनुमान को संशोधित कर 1-2.5 प्रतिशत से 1.5-2 प्रतिशत कर दिया है।

कंपनी के अनुसार, उसके निदेशक मंडल ने बेंगलूरु स्थित सेमीकंडक्टर डिजाइन सेवा प्रदाता इनसेमी का करीब 280 करोड़ रुपए में अधिग्रहण करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है।

# पर्यावरण को लेकर झूठे दावों पर नकेल कसेगी सरकार, दिशानिर्देशों का मसौदा तैयार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** सरकार पर्यावरण को लेकर झूठे दावे करने वाली इकाइयों पर नकेल कसने की तैयारी में है। इसके लिए विभिन्न क्षेत्रों की कंपनियों की तरफ से किए जा रहे 'ग्रीनवॉशिंग' यानी पर्यावरण संरक्षण को लेकर गलत दावों पर लगाम लगाने के लिए दिशानिर्देशों के मसौदे को अंतिम रूप दे दिया गया है। उपभोक्ता मामलों के सचिव रोहित कुमार सिंह ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। समिति के सदस्यों के साथ 10 जनवरी को हुई बैठक में चर्चा के बाद दिशानिर्देशों के मसौदे को अंतिम रूप दिया गया।

उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय की तरफ से गठित समिति में उद्योग मंडल फिक्की और सीआईआई के प्रतिनिधियों के अलावा मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी, भारतीय विज्ञापन मानक परिषद और इंडियन ब्यूटी एंड हाइजीन एसोसिएशन (आईबीएचए) जैसे उद्योग जगत के सदस्य भी शामिल हैं। सिंह ने पीटीआई-भाषा से कहा, हमने दिशानिर्देश के मसौदे को अंतिम रूप दे दिया है। उद्योग के कुछ सुझावों को शामिल करने के बाद अंतिम दिशानिर्देश जारी करेंगे। मंत्रालय ने बयान में कहा कि मसौदा दिशानिर्देश स्पष्ट रूप से 'ग्रीनवॉशिंग' और 'पर्यावरण दावों' को परिभाषित करता हैं।

# जम्मू-कश्मीर: वाहन दुर्घटना में पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती बाल-बाल बचीं

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**श्रीनगर/भाषा।** पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती का वाहन बृहस्पतिवार को जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले के संगम में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। घटना में मुफ्ती बाल-बाल बच गईं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री का वाहन संगम में एक कार से टकरा गया। अधिकारी ने बताया कि मुफ्ती अग्निकांड के पीड़ितों से मिलने के लिए खानबल जा रही थीं, तभी यह दुर्घटना हुई। हालांकि उन्हें कोई चोट नहीं आई। अधिकारी ने कहा कि घटना में मुफ्ती की निजी सुरक्षा में तैनात एक पुलिस अधिकारी को मामूली चोटें आईं। दुर्घटना में मुफ्ती का वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया, लेकिन वह दूसरी कार में अपनी निर्धारित यात्रा के लिए आगे बढ़ गईं। पीडीपी के एक प्रवक्ता ने कहा कि मुफ्ती सुरक्षित हैं और उन्हें कोई चोट नहीं आई। मुफ्ती की बेटी इल्तिजा मुफ्ती ने पुष्टि की कि उनकी मां सुरक्षित हैं। इल्तिजा पीडीपी अध्यक्ष की मीडिया सलाहकार भी हैं। इल्तिजा ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, मुफ्ती की कार आज अनंतनाग के रास्ते में एक भीषण दुर्घटना का शिकार हो गई। ईश्वर की कृपा से वह और उनके सुरक्षा अधिकारी सुरक्षित बच गए। नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने मुफ्ती के सुरक्षित होने पर राहत व्यक्त करते हुए दुर्घटना के कारण का पता लगाने के लिए जांच की मांग की। अब्दुल्ला ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, यह जानकर राहत महसूस कर रहा हूं कि महबूबा मुफ्ती साहिबा दुर्घटना में बाल-बाल बच गईं। मुझे उम्मीद है कि सरकार दुर्घटना की परिस्थितियों की जांच करेगी।

# भाजपा शासन में 'हर क्षेत्र में अन्याय फैला' : कांग्रेस

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**श्रीनगर/भाषा।** कांग्रेस ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) शासन के पिछले दस वर्ष 'अन्याय' का काल रहे हैं और पार्टी नेता राहुल गांधी की 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' देश में आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक न्याय के लिए लड़ाई है।

कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता मीम अफजल ने यहां संवाददाताओं से कहा, राहुल गांधी फिर से यात्रा निकाल रहे हैं और इसे 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' का नाम दिया गया है। राहुल मणिपुर से महाराष्ट्र तक यात्रा करेंगे और यह यात्रा 66 दिनों में 15 राज्यों और 110 जिलों में 6,713 किलोमीटर की दूरी तय करेगी। यात्रा मुंबई के आजाद मैदान में समाप्त होगी। अफजल ने कहा कि राहुल ने 'भारत जोड़ो यात्रा' के बाद फिर से यात्रा करने का वादा किया था, जो 14 जनवरी को इंफाल से शुरू होगी। 'भारत जोड़ो यात्रा' पिछले साल जनवरी में यहां समाप्त हुई थी। कांग्रेस नेता ने कहा, यह यात्रा देश में आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक न्याय की लड़ाई के लिए है। हमने नारा दिया है 'पिछले दस साल, अन्याय काल'। पिछले दस साल अन्याय का उदाहरण रहे हैं। हर क्षेत्र में गंभीर अन्याय हुआ है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने देश में 'लोकतंत्र और संविधान को नष्ट करने' की कोशिश की है। सत्तारूढ़ भाजपा पर निशाना साधते हुए अफजल ने कहा कि कमरतोड़ महंगाई ने गरीबों और मध्यम वर्ग की बचत को 'नष्ट' कर दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह सरकार कुछ अमीर व्यापारियों के हाथों की 'कठपुतली' बन चुकी है। अफजल ने कहा कि देश में गरीब लोगों के साथ 'भेदभाव किया जा रहा है'।

# आगामी लोकसभा चुनाव 'बेदाग' ढंग से संपन्न कराए जाए: मुख्य निर्वाचन आयुक्त कुमार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने बृहस्पतिवार को राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों (सीईओ) से मार्च-अप्रैल में होने वाला आगामी लोकसभा चुनाव 'बेदाग' संपन्न कराने को कहा।

कुमार ने लोकसभा चुनाव से पहले यहां मुख्य निर्वाचन अधिकारियों के एक सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि चुनाव की राह कर्तव्य और संकल्प की यात्रा है। उन्होंने दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के अनुरूप सभी हितधारकों को बेहतर चुनावी अनुभव प्रदान करने के लिए की गई तैयारियों पर भरोसा जताया। दो-दिवसीय सम्मेलन का आयोजन चुनाव योजना, व्यय निगरानी, मतदाता सूची, आईटी अनुप्रयोगों, डाटा प्रबंधन और इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) पर विषयगत चर्चा के साथ-साथ हाल में संपन्न हुए विधानसभा चुनावों से अनुभव और सीख साझा करने के लिए किया जा रहा है।

निर्वाचन आयुक्त अनूप चंद्र पांडे ने कहा कि 2024 के आम चुनावों की तैयारियों के लिए पिछले छह महीनों में विभिन्न सम्मेलनों, कार्यशालाओं, प्रशिक्षणों, संगोष्ठियों का आयोजन किया गया है और इसी कवायद के तहत इस सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। निर्वाचन आयुक्त अरुण गोयल ने सम्मेलन में शामिल सभी प्रतिभागियों से अपने विचारों और चुनौतियों को स्वतंत्र रूप से साझा करने और चर्चा करने का आग्रह किया। जिन राज्यों में हाल में चुनाव संपन्न हुए, वहां के सीईओ ने अपने अनुभवों और चुनाव के दौरान अपनाई गई नवीन प्रथाओं के बारे में विस्तृत प्रस्तुतियां दीं। पिछले कुछ सप्ताह में चंडीगढ़, अहमदाबाद, गुवाहाटी, चेन्नई और लखनऊ में पांच क्षेत्रीय सम्मेलन भी आयोजित किए गए थे। देशभर के 800 से अधिक जिला निर्वाचन अधिकारियों और निर्वाचन अधिकारियों को चुनाव प्रबंधन से संबंधित विभिन्न विषयगत क्षेत्रों पर यहां आईआईआईडीईएम में प्रशिक्षित किया गया। भारतीय अंतरराष्ट्रीय लोकतंत्र और चुनाव प्रबंधन संस्थान निर्वाचन आयोग की प्रशिक्षण शाखा है।

# समाज को यह बताने की जरूरत कि पुरुष के गुणसूत्र से बच्चे का लिंग तय होता है : अदालत

**नई दिल्ली/भाषा।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने कहा है कि जो माता-पिता अपने वंश-वृक्ष के आगे बढ़ने की इच्छा पूरी नहीं होने पर अपनी बहुओं को परेशान करते हैं, उन्हें इस बारे में जागरूक करने की जरूरत है कि यह उनका बेटा है जिसके गुणसूत्र से बच्चे का लिंग निर्धारित होता है, बहू से नहीं।

उच्च न्यायालय कथित तौर पर दहेज के कारण एक महिला की मौत के मामले की सुनवाई कर रहा था। पीड़िता को अपर्याप्त दहेज लाने और दो बेटियों को जन्म देने के लिए उसके पति और ससुराल वालों ने कथित रूप से परेशान किया था। अदालत ने कहा कि मौजूदा समय में भौतिक वस्तुओं के साथ महिलाओं को जोड़ कर देखने से समानता और गरिमा के सिद्धांतों का हनन होता है। न्यायाधीश स्वर्ण कांता शर्मा ने कहा, दहेज की अतृप्त मांगों से जुड़े मामलों में प्रतिगामी मानसिकता और उदाहरणों से व्यापक सामाजिक चिंता रेखांकित होती है। यह विवाहित महिलाओं के सामने आने वाली चुनौतियों को उजागर करता है, जिनका वास्तविक महत्व और सम्मान ससुराल वालों की अतृप्त मांगों को पूरा करने की उनके माता-पिता की क्षमता पर निर्भर नहीं होना चाहिए। उच्च न्यायालय ने कहा कि ऐसे स्थिति को देखना परेशानी पैदा करने वाला है जहां माता-पिता अपनी बेटी की भलाई और उसके आराम की कामना करते हैं, जब वह अपने पैतृक घर को छोड़कर ससुराल में बसने की कोशिश करती है, लेकिन प्यार और समर्थन के बदले, नई दुल्हन को ससुराल में लगातार लालच और उत्पीड़न का सामना करना पड़ता है। अदालत ने कहा कि यह परेशानी कई गुना बढ़ जाती है और जीवन भर की समस्या बन जाती है जब दहेज संबंधी अपराध की पीड़िता लगातार यातना और उत्पीड़न के कारण अपनी जान दे देती है, खासकर तब जब उसने दो बेटियों को जन्म दिया हो। उसने कहा कि आश्चर्यजनक रूप से, इस संबंध में आनुवंशिक विज्ञान को नजरअंदाज कर दिया गया है जबकि विज्ञान के अनुसार जब बच्चा गर्भ में आता है तो अजन्मे बच्चे के लिंग के आनुवंशिक निर्धारण में एक्स और वाई गुणसूत्रों का संयोजन शामिल होता है।

उत्सव

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



चेन्नई में गुरुवार को युवा कल्याण और खेल विकास मंत्री उदयनिधि स्टालिन ने अनिवासी तमिलों के पुनर्वास और कल्याण आयुक्तालय द्वारा मनाए गए अयालगा तमिलर थिनम 2024 में भाग लिया।

# प्रशांत हॉस्पिटल्स द्वारा त्रिदिवसीय सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया गया

## पांच किलोमीटर की वॉकाथॉन से जागरूकता

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** यहां के प्रमुख सुपर-स्पेशियलिटी अस्पतालों में से एक प्रशांत हॉस्पिटल्स ने वेलाचेरी के स्थानीय नागरिकों को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से एक व्यापक त्रिदिवसीय जन जागरूकता अभियान आयोजित करके सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है । सुरक्षित वातावरण को बढ़ावा देने और दुर्घटनाओं को रोकने के लिए डिज़ाइन की गई इस पहल में प्रशांत हॉस्पिटल वेलाचेरी से शुरू होने और समाप्त होने वाली 5 किमी की वॉकथॉन में लगभग 200 व्यक्तियों ने भाग लिया।

वॉकथॉन को प्रशांत हॉस्पिटल्स के प्रबंध निदेशक डॉ. प्रशांत कृष्णा और प्रशांत हॉस्पिटल्स के सीईओ डॉ. भास्करन ने औपचारिक रूप से हरी झंडी दिखाई।

वॉकथॉन ने महत्वपूर्ण सड़क सुरक्षा संदेशों को प्रसारित करने के लिए एक मंच के रूप में कार्य किया। इस कार्यक्रम में स्वास्थ्य देखभाल पेशेवरों, छात्रों और अन्य समुदाय के सदस्यों को एक साथ लाया गया, जिसमें जिम्मेदार ड्राइविंग प्रथाओं को विकसित करने और विकर्षणों को कम करने के लिए सहयोगात्मक प्रयास पर जोर दिया गया, जिससे सड़क दुर्घटनाओं के परिणामस्वरूप दुर्घटनाओं, चोटों और जीवन के लिए घातक स्थितियों को रोका जा सके। इसके साथ ही, स्वयंसेवकों ने लगातार तीन दिनों तक वेलाचेरी और उसके



आसपास के प्रमुख यातायात जंक्शनों पर रचनात्मक रूप से डिजाइन किए गए बैनर और तख्तियां लेकर नए सड़क सुरक्षा संदेश प्रदर्शित किए, जिससे अभियान और अधिक प्रभावशाली हो गया। वॉकथन आयोजन के अवसर पर बोलते हुए प्रशांत हॉस्पिटल्स के प्रबंध निदेशक डॉ. प्रशांत कृष्णा ने कहा कि सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के महत्व पर जोर देकर, हम इसके निहितार्थों के साथ अवधारणा की सरलता पर प्रकाश डाल रहे है हमे पता है की लापरवाही से गाड़ी चलाने और यातायात नियमों के उल्लंघन के परिणामस्वरूप गंभीर परिणाम हो सकते हैं। जिसके कारण दुर्घटनाओं के बाद जटिल आर्थोपेडिक या न्यूरोलॉजिकल मुद्दों जैसी जीवन-परिवर्तनकारी स्थितियों का जन्म होता है। उन्होंने कहा की सामुदायिक कल्याण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता स्वास्थ्य देखभाल से परे है और इस अभियान के माध्यम से हम लोगों के बीच सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने को बढ़ावा देने पर कार्य कर रहे है ।

इस मौके पर प्रशांत हॉस्पिटल्स के सीईओ डॉक्टर भास्करन ने ने कहा की इस तरह के जागरूकता अभियान जनता को शिक्षित करने और जिम्मेदार ड्राइविंग की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण हैं। इस तरह की पहल एक सुरक्षित और अधिक जिम्मेदार समुदाय के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान देती हैं। उन्होंने कहा की सड़क सुरक्षा हम सभी की साझा ज़िम्मेदारी है, और हम सुरक्षित सड़क वातावरण के लिए जागरूकता पैदा करने और सकारात्मक व्यवहार परिवर्तन को प्रोत्साहित करने में अपने योगदान से प्रसन्न हैं।



# बैंक ऑफ़ इंडिया ने मनाया विश्व हिंदी दिवस

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**कोच्चि।** यहां बैंक ऑफ़ इंडिया, एरणाकुलम आंचलिक कार्यालय द्वारा विश्व हिंदी दिवस बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विश्व हिंदी दिवस के अवसर पर आंचलिक कार्यालय द्वारा अंचल के अधीन समस्त शाखाओं के प्रशासनिक अधिकारियों हेतु शाखाओं में राजभाषा की सफल कार्यान्वयन विषय पर ई - संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें विविध शाखाओं एवं आंचलिक कार्यालय के 74 अधिकारियों ने सहभागिता की। संगोष्ठी में अंचल के वरिष्ठ प्रबंधक (राजभाषा) श्रीमती षीबा एस आर ने शाखा स्तर पर सफल राजभाषा कार्यान्वयन के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

इसी क्रम में अंचल के अधीन जिला केंद्रों पर स्थित विविध शाखाओं के स्टाफ हेतु ऑनलाइन राजभाषा प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया। साथ ही केंद्रीय विद्यालय, कडवंत्रा के छात्रों हेतु हिंदी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया जिसमें कुल 64 छात्र भाग लिए गए।

# 2028 तक पहला भारतीय 'अंतरिक्ष स्टेशन' स्थापित करने की योजना : सोमनाथ

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**गांधीनगर/चेन्नई।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अध्यक्ष एस सोमनाथ ने बृहस्पतिवार को यहां कहा कि भारत अपनी मौजूदा क्षमताओं का इस्तेमाल करते हुए 2028 तक पहला भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन स्थापित करना चाहेगा। वह '10वें वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट' के तहत अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के संदर्भ में आयोजित संगोष्ठी को संबोधित कर रहे थे।


उन्होंने कहा, हम अपनी मौजूदा प्रक्षेपण क्षमताओं का इस्तेमाल करते हुए 2028 तक पहला भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन स्थापित करना चाहेंगे। और हम इसे प्रयोगशाला में तब्दील करना चाहेंगे जहां आप आएं और प्रयोग करें। इसरो प्रमुख ने कहा इसकी स्थापना



के बाद इसरो ऐसी कंपनियों और संस्थाओं का पता लगाएगा जो भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन का उपयोग कर सकेंगे और इसके माध्यम से आर्थिक गतिविधियां कर सकेंगे। सोमनाथ ने कहा कि उनका मानना है कि यह संभव है।सोमनाथ ने कहा कि चंद्रमा पर मानव के पहुंचने का भी आर्थिक प्रभाव होगा क्योंकि भविष्य में केवल पृथ्वी के इर्दगिर्द ही रणनीतिक गतिविधियां नहीं होंगी। उन्होंने कहा कि उद्योगों को पृथ्वी पर अनेक कार्यों के लिए अगले 5 से 10 साल में सैकड़ों अंतरिक्षयान बनाने होंगे।

## इसरो के एक्सपोसैट ने किया सुपरनोवा के अवशेष का अवलोकन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**बेंगलूरु।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने बृहस्पतिवार को कहा कि इसके हालिया मिशन के तहत भेजे गए एक उपकरण ने कैसियोपेया ए सुपरनोवा अवशेषों से निकली पहली रोशनी को दर्ज किया है।

अंतरिक्ष एजेंसी ने एक बयान में कहा कि एक्सपोसैट के जरिये एक्सपेक्ट पेलोड को एक जनवरी को अंतरिक्ष में भेजा गया था। एक्सपोसैट भारत का प्रथम एक्स-रे पोलरीमेट्रिक मिशन है। इसरो ने कहा, एक्सपेक्ट उपकरण ने कैसियोपेया ए सुपरनोवा अवशेष के अवलोकन के साथ अपने काम की शुरूआत की। अंतरिक्ष एजेंसी ने कहा कि एक्सपेक्ट के अध्ययनों से सॉफ्ट एक्स-रे में ब्रह्मांड के राज जानने में मदद मिलेगी।

एक्सपेक्ट उपकरण को बेंगलूरु स्थित स्पेस एस्ट्रोनॉमी ग्रुप ऑफ यू आर राव सैटेलाइट सेंटर ने विकसित किया है।



# अदालत ने अन्नाद्रमुक के चुनाव चिह्न, झंडे के इस्तेमाल पर अपील खारिज की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** मद्रास उच्च न्यायालय ने 'ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम' (अन्नाद्रमुक) से निष्कासित नेता ओ. पनीरसेल्वम की उस अपील को बृहस्पतिवार को खारिज कर दिया जिनमें एकल न्यायाधीश के आदेश को चुनौती दी गई थी। एकल न्यायाधीश ने पनीरसेल्वम के पार्टी के आधिकारिक झंडे, आधिकारिक 'लेटरहेड' और 'दो पत्तियों' वाले चुनाव चिह्न का इस्तेमाल करने पर रोक लगा दी थी।

न्यायमूर्ति आर. महादेवन और न्यायमूर्ति मोहम्मद शफीक की खंडपीठ ने सात नवंबर, 2023 के आदेश के खिलाफ पनीरसेल्वम द्वारा दायर तीन अपील को खारिज कर दिया। पीठ ने हालांकि पनीरसेल्वम (ओपीएस) को अपने खिलाफ पारित आदेश को रद्द करने के लिए आवश्यक आवेदन दायर करके एकल न्यायाधीश का रुख करने की छूट दी। पीठ ने कहा कि इस तरह के आवेदन दाखिल करने पर न्यायाधीश गुण-दोष के आधार पर और कानून के अनुसार विचार करेंगे और उचित आदेश पारित करेंगे। अन्नाद्रमुक महासचिव एवं पूर्व मुख्यमंत्री ई.के.पलानीस्वामी ने याचिका दायर कर पनीरसेल्वम द्वारा अन्नाद्रमुक का नाम, झंडा, चुनाव चिह्न और 'लेटरहेड' के इस्तेमाल किए जाने पर रोक लगाने का अनुरोध किया था।

न्यायमूर्ति एन सतीशकुमार ने पिछले साल नवंबर में पलानीस्वामी द्वारा दाखिल याचिका पर अंतरिम आदेश पारित किया था। इसके बाद पनीरसेल्वम ने ये अपील दायर की थीं। पीठ ने कहा, ''हमने अपीलकर्ता (ओपीएस) के साथ-साथ प्रतिवादी (पलानीस्वामी) की ओर से उठाई गई दलीलों के गुण-दोष पर विचार करने से खुद को अलग कर लिया है।'' पीठ ने कहा कि इस बात पर गौर किया जाना चाहिए कि अंतरिम राहत के रूप में न्यायाधीश द्वारा सात नवंबर, 2023 को पारित आदेश न्याय के हित में, उनके पास निहित विवेकाधिकार पर आधारित था।

# कर्नाटक की झांकी को अनुमति नहीं मिलना प्रतिशोध की राजनीतिः कांग्रेस

**बेंगलूरु/नई दिल्ली।** कांग्रेस ने बृहस्पतिवार को आरोप लगाया कि केंद्र सरकार द्वारा कर्नाटक की झांकी को गणतंत्र दिवस परेड में शामिल करने की अनुमति इसलिए नहीं दी गई, क्योंकि मई 2023 में हुए विधानसभा चुनाव में मिली हार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भूल नहीं पाए हैं। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने कटाक्ष करते हुए कहा कि यह ''प्रतिशोध का मोदी मंत्र'' है। उन्होंने 'एक्स' पर पोस्ट किया, यह प्रतिशोध का मोदी मंत्र है। मई 2023 में कर्नाटक विधानसभा चुनावों में उन्हें व्यक्तिगत रूप से और उनकी पार्टी को मिली करारी हार को उन्होंने न तो भुलाया है और न ही माफ किया है। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दरामैया ने मंगलवार को कहा था कि केंद्र सरकार ने 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस परेड में राज्य की झांकी को मौका नहीं देकर सात करोड़ कन्नड़ भाषियों का अपमान किया है।

# मौका मिला तो राम मंदिर के कार्यक्रम में जा सकता हूं : पलानीस्वामी



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**सेलम (तमिलनाडु)।** ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) महासचिव के. पलानीस्वामी ने बृहस्पतिवार को कहा कि अगर मौका मिला तो वह 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में हिस्सा ले सकते हैं। राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता पलानीस्वामी से जब पूछा गया कि क्या वह इस कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे, तो उन्होंने यहां संवाददाताओं से कहा, ''यदि मौका मिला, तो मैं हिस्सा लूंगा। पैर में कुछ दर्द है, कुछ कठिनाई है।'' उन्होंने कहा कि हालांकि इस पर फैसला बाद में लिया जाएगा।

पलानीस्वामी को हाल में आयोजकों द्वारा प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के लिए आमंत्रित किया गया था। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि कोई भी राम मंदिर के कार्यक्रम में भाग लेने के लिए स्वतंत्र है। उन्होंने कहा कि अन्नाद्रमुक ऐसी पार्टी है जिसने जाति और धर्म की बाधाओं को तोड़ा है और जिसकी इच्छा हो वह 22 जनवरी को होने वाले कार्यक्रम में भाग ले सकता है। तमिलनाडु में मुख्य विपक्षी दल अन्नाद्रमुक ने पिछले साल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से अपना रिश्ता तोड़ लिया था। पलानीस्वामी ने बार-बार कहा है कि उनकी पार्टी 2026 के विधानसभा चुनावों में भाजपा से हाथ नहीं मिलाएगी।

# वैमनस्य फैलाने के आरोप में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष अन्नामलाई के खिलाफ प्राथमिकी

**धर्मपुरी।** तमिलनाडु पुलिस ने बृहस्पतिवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष के. अन्नामलाई पर धार्मिक वैमनस्य फैलाने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज की। अन्नामलाई के खिलाफ मामला आठ जनवरी को धर्मपुरी जिले में लूर्डेस चर्च की यात्रा के बाद दर्ज किया किया है। चर्च आने पर कुछ युवाओं ने उनका विरोध किया था और अन्नामलाई और उनके बीच बहस हुई थी। स्थानीय लोगों ने मणिपुर में स्थिति और पूर्वोत्तर में ईसाई धर्म को मानने वालों की स्थिति का मुद्दा उठाया। धर्मपुरी जिले की पुलिस ने बताया कि स्थानीय लोगों की शिकायत और कानूनी सलाह लेने के बाद प्राथमिकी दर्ज की गई है। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि अन्नामलाई के खिलाफ भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 153 ए (धर्म आदि के आधार पर वैमनस्य को बढ़ावा देना), और 504 (सार्वजनिक शांति भंग करने के लिए उकसाना) सहित सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है।

# राम मंदिर का उद्घाटन भारतीयों के लिए 'त्योहार' है : कुमारस्वामी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। पूर्व मुख्यमंत्री और जद (एस) के प्रदेश अध्यक्ष एचडी कुमारस्वामी ने गुरुवार को कहा कि अयोध्या में राम मंदिर का उद्घाटन सभी भारतीयों के लिए एक त्योहार है, क्योंकि देश के लोग लंबे समय से चाहते थे कि इसका निर्माण हो। कांग्रेस नेताओं द्वारा राम मंदिर के उद्घाटन समारोह में शामिल नहीं होने के फैसले पर कुमारस्वामी ने संवाददाताओं से कहा कि उन्हें (कांग्रेस नेताओं को) बताना चाहिए कि वे इस कार्यक्रम में क्यों शामिल नहीं हो रहे हैं। उन्होंने कहा, 'उनके फैसलों और मेरे बीच कोई संबंध नहीं है।'



कुमारस्वामी ने कहा कि जद (एस) ने राज्य में भाजपा के साथ गठबंधन किया है, लेकिन उम्मीदवारों और निर्वाचन क्षेत्रों पर निर्णय नहीं लिया गया है। उन्होंने कहा, एक बार बातचीत खत्म हो जाए तो उम्मीदवार तय कर लिए जाएंगे और एक बार फैसला हो जाए तो कोई भ्रम नहीं रहेगा और सब कुछ ठीक हो जाएगा। राम मंदिर के उद्घाटन समारोह में शामिल नहीं होने के कांग्रेस आलाकमान के फैसले पर राज्य के गृह मंत्री जी परमेश्वर ने कहा, हमें पार्टी के आदेशों का पालन करना होगा। चूंकि आलाकमान ने कार्यक्रम में शामिल नहीं होने का फैसला किया था, इसलिए हम नहीं जाएंगे।



## मुलाकात

कर्नाटक भाजपा के अध्यक्ष बीवाई विजयेंद्र ने सद्भावना को बढ़ावा देने के प्रयासों के तहत क्राइस्ट यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ. फादर सीसी जोस और वित्त अधिकारी डॉ. फादर वर्गीस से मुलाकात की। इस दौरान एक-दूसरे को हार्दिक शुभकामनाएं दीं्। बीवाई विजयेंद्र ने कहा कि क्राइस्ट यूनिवर्सिटी एक प्रतिष्ठित संस्थान है, जो अंतरराष्ट्रीय गुणवत्ता की शिक्षा का प्रतीक है। इसने अनेक विद्यार्थियों के भविष्य को आकार दिया है और कर्नाटक में उत्कृष्टता के लिए प्रतिबद्धता पर कायम है।

# रामलला की प्राण प्रतिष्ठा से कांग्रेस नेताओं के दूर रहने के फैसले के समर्थन में सिद्दरामैया

**बेंगलूरु।** मुख्यमंत्री सिद्दरामैया ने गुरुवार को कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी सहित वरिष्ठ पार्टी नेताओं के अयोध्या मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा से दूर रहने के फैसले का यह कहते हुए समर्थन किया है कि यह एक 'राजनीतिक कार्यक्रम' बन गया है।

सिद्दरामैया ने बयान में कहा, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी और लोकसभा में विपक्ष के नेता अधीर चौधरी का अयोध्या में राम लला स्थापना समारोह में भाग नहीं लेना सही फैसला है और मैं इसका समर्थन करता हूं। प्रधानमंत्री मोदी और संघ परिवार द्वारा प्रायोजित यह 'राजनीतिक कार्यक्रम' भगवान राम और देश के 140 करोड़ लोगों का अनादर व्यक्त करता है। यह धार्मिक आयोजन जाति, धर्म और पार्टी लाइनों से ऊपर उठकर भक्ति और सम्मान के साथ आयोजित किया जाना चाहिए, लेकिन प्रधानमंत्री और संघ परिवार के नेताओं ने इसे एक पार्टी कार्यक्रम



में बदल दिया गया है। ऐसा धार्मिक समारोह जिसे श्रद्धा के साथ आयोजित किया जाना चाहिए था, उसे एक राजनीतिक अभियान में बदल दिया गया है और यह सभी हिंदुओं के साथ विश्वासघात है। उन्होंने आरोप लगाया कि अक्सर हिंदू संस्कृति, परंपराओं एवं मूल्यों पर व्याख्यान देने वाली भाजपा तथा आरएसएस के नेता भी प्रधानमंत्री द्वारा अधूरे राम मंदिर का उद्घाटन करने के कृत्य पर चुप हैं और यही यह चुप्पी हिंदुत्व के उनके पाखंडी संस्करण को उजागर करती है। मुख्यमंत्री ने कहा, राम जन्मभूमि विवाद की शुरुआत के बाद से कांग्रेस पार्टी ने दृढ़ता से अपना रुख बनाए रखा है और अदालत के फैसले के प्रति हमारे सम्मान के अनुरूप राम मंदिर के निर्माण का पूरा समर्थन किया है। इस बारे में हमारी ओर से कोई विवाद नहीं है। मुस्लिम समुदाय ने भी अदालत के फैसले को स्वीकार करके न्यायपालिका के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दिखायी है।

# विद्यार्थियों को केन्द्र में रखकर हो विभागीय गतिविधियों का प्रभावी संचालन : मदन दिलावर



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कहा कि विद्यार्थियों के हित और उनके सर्वांगीय विकास के लिए हम सभी जिम्मेदार है। विभाग के सभी अधिकारी, शिक्षक और कार्मिक विद्यार्थियों के हितों को केन्द्र में रखकर एक टीम के रूप में मिलकर कार्य करते हुए विभागीय गतिविधियों, योजनाओं और कार्यक्रमों का प्रभावी संचालन करें ।

दिलावर ने गुरुवार को शासन सचिवालय स्थित अपने कक्ष में शिक्षा विभाग के अधिकारियों से विभाग की 100 दिवसीय कार्ययोजना, शाला दर्पण पोर्टल, ज्ञान संकल्प पोर्टल एवं राजस्थान पाठ्य पुस्तक मंडल की कार्यप्रणाली सहित अन्य गतिविधियों, योजनाओं और कार्यक्रमों की प्रगति की जानकारी ली और इस दौरान ये निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आमजन की ओर से प्राप्त अच्छे और व्यवहारिक सुझावों के आधार पर विभाग में सुधार के लिए निरंतर पहल की जाए, वहीं शिकायतों और प्रकरणों के समयबद्ध निस्तारण के लिए सजगता से कार्य किया जाए।

शिक्षा मंत्री ने इस दौरान प्रदेश के सरकारी स्कूलों में अध्ययनरत विद्यार्थियों के जाति और मूल निवास प्रमाणपत्र जैसे आवश्यक दस्तावेजों को बनाने के लिए संस्था प्रधानों और जिला शिक्षा अधिकारियों के समन्वय से एक सिस्टम तैयार करने के निर्देश दिए। दिलावर ने शिक्षा विभाग की योजनाओं और कार्यक्रमों पर चर्चा के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे इस दिशा में सोचें और इसकी कार्ययोजना बनाएं।

दिलावर ने कहा कि वर्ष 2006 में हमारी सरकार के समय में विद्यार्थियों से बिना एप्लीकेशन लिए मूल निवास और जाति प्रमाण पत्र बनवाने की पहल की गई थी। इसके तहत स्कूलों के संस्था प्रधानों द्वारा एक प्रोफार्मा तैयार कर विद्यार्थियों से भरवाया गया, फिर ग्राम सेवक और पटवारी के साथ समन्वय करते हुए जानकारी को सत्यापित कराया गया। इसके बाद जिला शिक्षा अधिकारियों के स्तर पर कार्यवाही करते हुए बड़ी संख्या में विद्यार्थियों के ऐसे प्रमाण पत्र बनवाए गए। उन्होंने इसी तर्ज पर शिक्षा विभाग के स्तर पर सिस्टम विकसित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पाठ्य पुस्तक मंडल के स्तर पर यह सुनिश्चित किया जाए कि नए सत्र में स्कूलों के खुलते ही पाठ्यक्रम की सभी किताबें विद्यार्थियों के पास पहुंचे, इसके लिए कार्ययोजना और प्रक्रियाओं का निर्धारण किया जाए। उन्होंने सतत शिक्षा और साक्षरता से संबंधित गतिविधियों की प्रगति के बारे में भी अधिकारियों से फीडबैक लिया। इस दौरान स्कूल शिक्षा विभाग, राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद, पाठ्यपुस्तक मंडल, साक्षरता एवं सतत शिक्षा निदेशालय और अन्य सम्बंधित अधिकारी मौजूद रहे।



# सरकार आने से कार्यकर्ता अहम नहीं पालें : दीया कुमारी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

भीलवाड़ा। राजस्थान की उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेताओं को आह्वान किया है कि राज्य में सरकार आने से कार्यकर्ता अहम नहीं पाले बल्कि आमजन की समस्याओं के निराकरण कराने में जुट जायें। दीया कुमारी ने गुरुवार को यहां भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) कार्यालय में कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुये यह बात कही।

उन्होंने कहा, सत्ता आने के बाद व्यवहार बदल जाता है, ऐसा नहीं होना चाहिये, चाहे अधिकारियों के साथ हो, जनता के साथ हो या आपस के व्यवहार की बात हो। हमें सबसे समान व्यवहार रखना चाहिये। अहम नहीं होना चाहिये।

उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी बार-बार यह कहते है कि इस पर हमें कुछ ध्यान देना चाहिये, कुछ बदलना नहीं चाहिये। पहले जैसे जनता की सेवा कर रहे थे, वैसे ही सत्ता में आने के बाद भी सेवा करनी चाहिये। हम यह न सोचे कि अब तो हमारी सरकार आ गयी है, अच्छे दिन आ गये हैं। जो मर्जी आये, वह करेंगे, लेकिन ऐसा नहीं अब तो हमें और भी ज्यादा ध्यान रखना होगा।

दीया कुमारी ने कहा, हमने पांच साल अच्छा काम किया है। इस संघर्ष के बाद हमें सफलता भी मिली है। अब हमें घमण्ड नहीं करना चाहिए और ऐसा नहीं सोचे कि अब कुछ करने की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि अब जरूरत और ज्यादा है। जनता की बात और काम हम तक पहुंचाने की जिम्मेदारी भी है। उन्होंने कहा, मोदी की गारंटी पर जनता ने राजस्थान में हमारी सरकार बनाई है। अब हम सत्ता में है तो हमारा व्यवहार, हमारी कार्यशैली, हम लोग कैसे क्या कर रहे हैं, इस पर आम लोगों की नजर टिकी है। इसलिये आप एक अच्छा उदाहरण पेश करें। उन्होंने कांग्रेस पर कटाक्ष करते हुये कहा कि कांग्रेस ने आम जनता को प्रताड़ित किया, उनकी मनमानी की, लेकिन अब हमें ऐसा नहीं करना है। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री कालूलाल गुर्जर, सांसद सुभाष बहेड़िया, विठ्ठल शंकर अवस्थी, प्रशांत मेवाड़ा, उदयलाल भडाना, राजकुमार आंचलिया के साथ ही जिले भर के कार्यकर्ता मौजूद थे।

## राजस्थान के पीएमविद्यालयों में तीन दिवसीय स्वास्थ्य शिविर लगेंगे

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान के 402 पीएमविद्यालयों में इस माह के दूसरे पखवाड़े में तीन दिवसीय स्वास्थ्य शिविर लगाए जांएगे। अधिकारियों ने बताया कि शिविरों में विद्यार्थियों की स्वास्थ्य जांच, विशेषज्ञ परामर्श और जागरूकता गतिविधियां होंगी। एक बयान के अनुसार, स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा इन शिविरों के सफल आयोजन के लिए विस्तृत रूपरेखा तैयार करते हुए गतिविधियों के बारे में दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। उसमें कहा गया है कि पीएम विद्यालयों में लगने वाले इन शिविरों में डॉक्टर के अलावा मनोवैज्ञानिक, फार्मासिस्ट एवं नर्स एवं अन्य स्वास्थ्य विशेषज्ञ अपनी सेवाएं देंगे।

शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने बताया, केन्द्र सरकार द्वारा सभी राज्यों को पीएमविद्यालयों के लिए निर्धारित गतिविधियों पर विशेष फोकस करने को कहा गया है। मौजूदा राज्य सरकार के संकल्प पत्र में भी इन विद्यालयों का विकास प्राथमिकता में शामिल है। शासन सचिव नवीन जैन ने बताया कि राज्य के 402 पीएम विद्यालयों में ये तीन दिवसीय विशेष शिविर 'नो बैग डे' के दिन शनिवार से शुरू होंगे।

### मुलाकात



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गुरुवार को राजभवन पहुंचकर राज्यपाल कलराज मिश्र से मुलाकात की। राज्यपाल मिश्र से मुख्यमंत्री शर्मा की यह शिष्टाचार भेंट थी। मुख्यमंत्री ने इस दौरान राज्य के विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर राज्यपाल से परामर्श किया। राज्यपाल से मुख्यमंत्री ने प्रदेश में उच्च शिक्षा के तेजी से विकास, रिक्त पदों को भरे जाने तथा जनजातीय क्षेत्रों में आदिवासी कल्याण से संबंधित विषयों पर भी विस्तार से चर्चा की।

### मुलाकात




राज्यपाल कलराज मिश्र से गुरुवार को राजभवन में घुड़सवारी में एशियन गेम्स-2023 में देश को स्वर्ण पदक दिलाने वाली देश की पहली महिला अर्जुन अवॉर्डी दिव्यकृति सिंह ने मुलाकात की। राज्यपाल से उनकी यह शिष्टाचार भेंट थी। राज्यपाल मिश्र ने दिव्यकृति सिंह को बधाई देते हुए कहा कि उन्होंने राजस्थान ही नहीं पूरे देश का गौरव बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि दिव्यकृति सिंह भारत की बेटियों के लिए प्रेरणा स्त्रोत है। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को ही दिव्यकृति को अर्जुन अवॉर्ड देकर सम्मानित किया था।

# सीकर में शून्य से 0.5 डिग्री सेल्सियस नीचे पहुंचा तापमान

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान में कड़ाके की सर्दी जारी है जहां कई इलाकों में बीते 24 घंटे में तापमान में और गिरावट दर्ज की गई है और मौसम विभाग ने राज्य में अभी शीतलहर जारी रहने का अनुमान जताया है। मौसम केंद्र, जयपुर, के अनुसार बीते 24 घंटे में राज्य में न्यूनतम तापमान में 2-4 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई है। इस दौरान न्यूनतम तापमान सीकर में शून्य से 0.5 डिग्री सेल्सियस नीचे, चूरू में 1.0 डिग्री और अलवर तथा पिलानी में 2.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

इसके अनुसार, चूरू, सीकर, झुंझुनू, अलवर, हनुमानगढ़, करोली जिलों में अगले दो-तीन दिन शीतलहर जारी रहने और इसका प्रकोप बढ़ने की संभावना है। इस दौरान न्यूनतम तापमान कहीं-कहीं दो डिग्री सेल्सियस से नीचे रहने की संभावना है। इसी तरह, अगले दो दिन उत्तर-पश्चिमी और उत्तरी राजस्थान में कहीं-कहीं मध्यम स्तर का कोहरा तथा गंगानगर, हनुमानगढ़ जिलों में शीत दिवस भी रहने की संभावना है।

वहीं, राज्य के बाकी हिस्सों में आसमान साफ रहने से दिन के तापमान में बढ़ोतरी होने की संभावना है। राजधानी जयपुर में बृहस्पतिवार को सुबह से ही धूप रहने से लोगों को ठंड से कुछ राहत मिली।

# बस ने ट्रक को टक्कर मारी, दो की मौत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान के पाली के सुमेरपुर थाना क्षेत्र में बृहस्पतिवार सुबह एक बस ने एक ट्रक को पीछे से टक्कर मार दी जिससे दो लोगों की मौत हो गई जबकि 20 स्कूली बच्चे घायल हो गये। थानाधिकारी लक्ष्मण सिंह ने बताया कि सुरमेरपुर बाईपास पर गुजरात के महेसाणा से रामदेवरा भ्रमण पर जा रही एक स्कूल बस आगे चल रहे ट्रक से टकरा गई। उन्होंने बताया कि हादसे में बस सवार प्रकाश (60) और विपुल भाई (25) की मौत हो गई जबकि 20 स्कूली बच्चे घायल हो गये।

थानाधिकारी ने बताया कि शैक्षणिक भ्रमण पर रामदेवरा जा रही बस में स्कूल के बच्चे, अध्यापक, स्टाफ सहित 52 लोग सवार थे। सिंह ने बताया कि 11 घायल बच्चों को शिवगंज अस्पताल ले जाया गया जबकि गंभीर रूप से ज़ख्मी नौ बच्चों को सिरोही रेफर किया गया है। सूचना पर पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे और क्षतिग्रस्त वाहनों को क्रेन की सहायता से सड़क किनारे करवा कर यातायात का सुचारू संचालन शुरू कराया गया। उन्होंने बताया, शवों को पोस्टमार्टम के लिये अस्पताल के मुर्दाघर में रखवाया गया है।



# टेण्डर प्रक्रिया पूर्णतः पारदर्शी हो : वर्मा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। सार्वजनिक निर्माण विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव संदीप वर्मा ने गुरूवार को कार्यभार ग्रहण किया। विभागीय अधिकारियों के साथ आयोजित पहली बैठक को सम्बोधित करते हुए उन्होंने निर्देश दिए की विभाग की टेण्डर प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी एवं नियमानुसार होनी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए की विभाग द्वारा सड़क एवं विभिन्न भवन निर्माण के जो कार्य करवाएं जा रहे हैं, उन्हें शीघ्रता से गुणवत्ता के साथ पूरा करें। इसके साथ ही सभी प्रोजेक्टस का मैनेजमेंट प्रोफेशनल तरीके से पूरा करने तथा प्रोजेक्टस की लागत को नियंत्रित करने के निर्देश भी उन्होंने दिए।

सार्वजनिक निर्माण विभाग, राजस्थान राज्य सड़क विकास एवं निर्माण निगम लिमिटेड तथा राजस्थान राज्य राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों के साथ अतिरिक्त मुख्य सचिव 12 जनवरी को 100 दिवसीय कार्य योजना की प्रगति की समीक्षा करेंगे।

## ऊंट महोत्सव - 2024

# ऊंट दिखाएंगे कलाबाजी, धोरों में गूंजेंगे सूफी तराने

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। रेगिस्तान के जहाज को समर्पित विश्व विख्यात ऊंट महोत्सव-2024 का आयोजन 12 से 14 जनवरी तक बीकानेर में किया जाएगा। इस वर्ष ऊंट महोत्सव की थीम 'आइकंस ऑफ़ बीकानेर' (बीकानेर के प्रतीक) रखी गई है। यह थीम तय करने का उद्देश्य विशेष रूप से स्थानीय लोगों की कला और शिल्प कौशल को बढ़ावा देना है। तीन दिवसीय ऊंट महोत्सव का आगाज 12 जनवरी को होगा। इस आयोजन को लेकर पर्यटन विभाग और बीकानेर जिला प्रशासन ने अपनी सभी तैयारियां पूर्ण कर ली है। महोत्सव के दौरान विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों और प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। साथ ही विश्व विख्यात कलाकार विभिन्न कलाओं की शानदार प्रस्तुतियां देंगे।

संयुक्त राष्ट्र संघ ने वर्ष 2024 को अंतर्राष्ट्रीय ऊंट वर्ष घोषित किया है। इसे ध्यान में रखते हुए पर्यटन विभाग इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय ऊंट महोत्सव पहले की तुलना में और अधिक भव्य और शानदार तरीके से आयोजित कर रहा है। देशी-विदेशी पर्यटक इस महोत्सव में ज्यादा से ज्यादा अपनी भागीदारी निभाएं




इसके लिए स्थानीय कलाकार एवं अन्य सेलिब्रिटीज द्वारा ऊंट महोत्सव में पधारने की अपील के वीडियो प्रसारित किये जा रहे है। सोशल मीडिया, पर्यटन विभाग की वेबसाईट सहित विभिन्न ऑनलाइन प्लेटफार्म माध्यम से प्रसारित इन विडियोज एवं अन्य माध्यमों से पर्यटन विभाग द्वारा ऊंट महोत्सव का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। पर्यटन विभाग एवं जिला प्रशासन की ओर से इस आयोजन के मद्देनजर व्यापक इंतजाम किये गये है। ताकि महोत्सव में शिरकत करने वाले पर्यटक यहां से सुखद एवं अविस्मरणीय यादों के साथ लौटे। महोत्सव का आगाज सुबह 9.00 बजे रामपुरिया हवेली से बीकाजी की टेकरी तक हेरिटेज वॉक से होगा। इसके बाद बीकाजी की टेकरी पर रंगोली, मेहंदी एवं ड्राइंग प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। दोपहर 2.00 बजे से लक्ष्मी निवास पैलेस से तीर्थम सर्किल तक निकलने वाली बीकानेर कार्निवल प्रमुख आकर्षण का केंद्र रहेगी। वहीं रात्रि 7.00 बजे धरणीधर स्टेडियम में सिटी वाइब्स कार्यक्रम में कला और संस्कृति का संगम देखने को मिलेगा। साथ ही फ्यूजन शो में कंटेंपरेरी आर्ट, संगीत और स्थानीय व्यंजन भी प्रमुख आकर्षण रहेंगे। इस दौरान राजस्थानी लाफ्टर शो में मुरारी लाल पारीक सभी श्रोताओं का मनोरंजन करेंगे। वहीं दम्मानी चौक पर सांस्कृतिक कार्यक्रम में शास्त्रीय संगीत, शास्त्रीय नृत्य, कला प्रदर्शनी सहित स्थानीयों पर्यटकों के लिए पगड़ी बांधने की प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा।



# मुख्यमंत्री ने सुनी आमजन की परिवेदना

जयपुर। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने गुरूवार को ओटीएस स्थित मुख्यमंत्री निवास पर जनसुनवाई की। उन्होंने आमजन की परिवेदनाओं को सुना तथा अधिकारियों को आमजन से प्राप्त परिवेदनाओं की जांच कर त्वरित निस्तारण करने के निर्देश दिए। इस दौरान क्लैट 2024 में प्रथम रैंक हासिल करने वाले उदयपुर के जय बोहरा ने भी मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने उनको बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# उत्तर प्रदेश में एक महीने में पांच और हवाई अड्डों का किया जाएगा उद्घाटन : सिंधिया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** नागर विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने बृहस्पतिवार को कहा कि उत्तर प्रदेश में एक महीने में पांच नए हवाई अड्डों का उद्घाटन किया जाएगा। इससे राज्य में हवाई अड्डों की संख्या बढ़कर 19 हो जाएगी।

अयोध्या में महर्षि वाल्मिकी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का उद्घाटन 30 दिसंबर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया था।

अयोध्या से अहमदाबाद के लिए इंडिगो की उड़ान सेवा के उद्घाटन के लिए आयोजित समारोह में उन्होंने ऑनलाइन शिरकत की और कहा कि एक महीने में उत्तर प्रदेश में पांच नए हवाई अड्डों का उद्घाटन किया जाएगा। ये हवाई अड्डे आज़मगढ़, अलीगढ़, मुरादाबाद, चित्रकूट और श्रावस्ती में होंगे। इससे राज्य में हवाई अड्डों की कुल संख्या 19 हो जाएगी।

सिंधिया ने राष्ट्रीय राजधानी से ऑनलाइन माध्यम से अयोध्या से अहमदाबाद के लिए उड़ान को हरी झंडी दिखाई। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, राज्य के पर्यटन और संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह, लोकसभा सदस्य लल्लू सिंह और किरीट प्रेमजीभाई सोलंकी ने भी ऑनलाइन कार्यक्रम में शिरकत की।

वहीं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बृहस्पतिवार को कहा कि 22 जनवरी को राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा समारोह के दिन अयोध्या हवाई अड्डे पर 100 चार्टर्ड उड़ानों के उतरने की उम्मीद है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि बेहतर हवाई सेवाएं पर्यटन तथा व्यावसायिक गतिविधियों में महत्वपूर्ण योगदान देती हैं।

आदित्यनाथ ने कहा कि राज्य में हवाई यात्रियों की संख्या पिछले वित्त वर्ष में करीब 30 प्रतिशत बढ़कर 96.02 लाख हो गई, जबकि वित्त वर्ष 2016-17 में यह 59.97 लाख थी।

सिंधिया ने कहा कि पिछले नौ वर्षों में उत्तर प्रदेश में हवाई संपर्क काफी बेहतर हुआ है। उन्होंने कहा कि 2014 में राज्य में सप्ताह में केवल 700 उड़ानों की आवाजाही होती थी और अब यह संख्या बढ़कार 1,654 हो गई है।



## कृष्ण जन्मभूमि मामले में उच्च न्यायालय ने दोनों पक्षों को सुना, फैसला बाद में

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**प्रयागराज/भाषा।** मथुरा में कृष्ण जन्मभूमि मंदिर से सटी शाही ईदगाह मस्जिद के सर्वेक्षण के लिए अधिवक्ता आयोग के गठन और सर्वेक्षण के तौर तरीकों के मामले में इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने बृहस्पतिवार को संबद्ध पक्षों को सुना। इस बाबत अदालत बाद में अपना निर्णय सुनाएगी।

बृहस्पतिवार को जैसे ही मामले में सुनवाई शुरू हुई, मुस्लिम पक्ष की ओर से दो आधार पर सुनवाई टालने की प्रार्थना की गई। पहला आधार था कि सर्वेक्षण के आदेश के खिलाफ विशेष अनुमति याचिका (एसएलपी) पर सुनवाई लंबित है और इस पर 16 जनवरी को सुनवाई किए जाने की संभावना है। मुस्लिम पक्ष का दूसरा आधार था कि उनके वकील पुनीत गुप्ता के पिता का हाल ही में देहांत हो गया है और वह इस मामले में सुनवाई टालने का प्रार्थना पत्र पहले ही दे चुके हैं, इसलिए आज इस मामले में सुनवाई नहीं की जानी चाहिए।

आयोग के स्वरूप और सर्वेक्षण के तौर तरीके के मुद्दे पर हिंदू पक्ष के वकील ने कहा कि सर्वेक्षण टीम के गठन के आदेश से किसी पक्ष को कोई नुकसान नहीं होने जा रहा है और अदालत उच्च न्यायालय के किसी सेवानिवृत्त न्यायाधीश की अध्यक्षता में सर्वेक्षण टीम गठित करने का आदेश पारित कर सकती है। अदालत ने संबद्ध पक्षों को सुनने के बाद कहा कि इस संबंध में आदेश बाद में पारित हो सकता है और इसे पोर्टल पर उपलब्ध कराया जा सकता है। गत 14 दिसंबर को इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने शाही ईदगाह मस्जिद के सर्वेक्षण के लिए एक अधिवक्ता आयुक्त की नियुक्ति पर सहमति दी थी।

## अखिलेश ने भाजपा सरकार पर सपा समर्थकों के नाम मतदाता सूची से कटवाने का आरोप लगाया



**लखनऊ/भाषा।** समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बृहस्पतिवार को उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार पर प्रशासन की मदद से सपा समर्थकों के नाम मतदाता सूची से कटवाने का आरोप लगाते हुए पार्टी की सभी विधानसभा इकाइयों के अध्यक्षों से काटे गए नामों को दोबारा जुड़वाने को कहा। यादव ने पार्टी की सभी विधानसभा इकाइयों के अध्यक्षों से बातचीत में उन्हें यह सुनिश्चित करने की हिदायत दी कि पार्टी का हर वोट पड़े। उन्होंने आरोप लगाया, भाजपा सरकार और प्रशासन ने मिलकर समाजवादी पार्टी के समर्थकों के नाम मतदाता सूची से या तो कटवा दिए या दूसरे बूथों में शामिल करा दिए हैं, ताकि बहुत से मतदाता अपना वोट ही न डाल पाएं। सपा प्रमुख ने विधानसभा अध्यक्षों से कहा, वे आगामी 22 जनवरी को प्रकाशित होने वाली मतदाता सूची में इन काटे या हटाए गए नामों को जुड़वाएं। कोशिश होनी चाहिए कि किसी भी मतदाता का नाम छूटने न पाए।

## आने वाले वर्षों में ज्यादातर नौकरियां नई प्रौद्योगिकियों के क्षेत्र में होंगी: प्रधान

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**गांधीनगर/भाषा।** केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने बृहस्पतिवार को कहा कि आने वाले वर्षों में ज्यादातर नौकरियां नई प्रौद्योगिकियों के क्षेत्र में होंगी। उन्होंने यह भी कहा कि भारत की शिक्षा व्यवस्था और कौशल पारिस्थितिकी तंत्र युवाओं को भविष्य के लिए तैयार करने के वास्ते पूरी तरह से उन्मुख है। प्रधान ने कहा कि देश की शिक्षा व्यवस्था और कौशल पारिस्थितिकी तंत्र के जरिये देश के युवा नौकरियों के क्षेत्र में अपना दबदबा बना सकते हैं। उन्होंने कहा कि भारत अगले 25-30 वर्षों में कामकाजी उम्र की आबादी के मामले में दुनिया का नेतृत्व करने के लिए तैयार है और पूरी दुनिया की नजरें भारतीय युवाओं पर टिकी हैं।

केंद्रीय शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमिता मंत्री प्रधान ने यहां 'वाइब्रेंट गुजरात वैश्विक शिखर सम्मेलन' के 10वें संस्करण में एक संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा, सरकार, राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) के अनुरूप, शिक्षा और कौशल के बीच अधिक तालमेल को बढ़ावा देने की दिशा में पूरी लगन से काम कर रही है। इसमें कोई दो राय नहीं है कि देश की उन्नति और समृद्धि को बढ़ावा देने के लिए कुशल कार्यबल को विकसित करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा, डिजिटल कौशल में महारत हासिल करना अब पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण है। हमारे युवाओं को नौकरियों के क्षेत्र में दबदबा बनाने के वास्ते भविष्य के लिए तैयार करने की आवश्यकता है।


## पर्यटन के मामले में हम अन्य द्वीपों से आगे हैं: अंडमान के मुख्य सचिव



**पोर्ट ब्लेयर/भाषा।** अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के मुख्य सचिव केशव चंद्रा ने कहा कि इस क्रेंदशासित प्रदेश में मौजूद द्वीप समूहों पर दुनिया के कुछ सबसे उत्कृष्ट समुद्र तट हैं और हिंद महासागर क्षेत्र में अन्य द्वीप स्थलों की तुलना में ये बहुत खास हैं। चंद्रा का यह बयान सोशल मीडिया पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भारत के खिलाफ मालदीव के मंत्रियों की टिप्पणियों को लेकर उपजे विवाद की पृष्ठभूमि में आया है। मुख्य सचिव ने कहा कि अंडमान और निकोबार प्रशासन द्वारा द्वीपसमूह में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कई पहल की गई हैं। इन पहलों में निर्जन द्वीपों में घूमने एवं समुद्री तटों को देर तक खुले रहने की अनुमति देना और अधिक उड़ान सेवा प्रदाताओं से संपर्क करना शामिल है। चंद्रा ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा,अंडमान और निकोबार में असीम प्राकृतिक सुंदरता और सुंदर रेतीले समुद्र तटों के साथ सुरम्य द्वीप हैं जो धूप सेंकने, स्नॉर्कलिंग, तैराकी, गेम फिशिंग, सूर्यास्त एवं सूर्योदय देखने, पक्षियों को देखने, ट्रैकिंग, क्याकिंग आदि गतिविधियों के शानदार विकल्प प्रस्तुत करते हैं। उन्होंने कहा,''प्रशासन ने पर्यटन को बढ़ावा देने की दिशा में कई पहल की हैं, जैसे पोर्ट ब्लेयर के मेगापोड में पीपीपी माध्यम में पांच सितारा की तर्ज पर संपत्ति का विकास, स्वराज द्वीप (हैवलॉक द्वीप) में राधा नगर समुद्र तट की जमीन किराए पर देना।

## न कांग्रेस न सपा चुनौती, पूरा देश आज राम मय' है : उप्र भाजपा अध्यक्ष

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**लखनऊ/भाषा।** भाजपा की उत्तर प्रदेश इकाई के अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी ने कहा कि कांग्रेस और समाजवादी पार्टी (सपा) उनके दल के लिए कोई चुनौती नहीं हैं और पूरा प्रदेश एवं देश आज 'राम मय' है। यह पूछे जाने पर कि क्या समाजवादी पार्टी या कांग्रेस उनकी पार्टी के लिए चुनौती बनकर सामने आ रही हैं, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा, न तो समाजवादी पार्टी और न ही कांग्रेस कोई चुनौती है। आप देख सकते हैं कि पूरा राज्य और देश 'राम मय' हो गया है।

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष इस साल के शुरू में होने वाले लोकसभा चुनाव और 22 जनवरी को होने वाले 'प्राण प्रतिष्ठा' समारोह की तैयारियों पर चर्चा के लिए पार्टी की एक महत्वपूर्ण बैठक में भाग लेने के लिए जाते समय पत्रकारों से बात कर रहे थे। एक सवाल के जवाब में चौधरी ने मुख्य विपक्षी समाजवादी पार्टी के नेताओं को 'मौसमी लोग' करार दिया जो केवल चुनाव के समय ही सक्रिय होते हैं। सपा प्रमुख अखिलेश यादव द्वारा अपनी पार्टी की विधानसभा इकाइयों के अध्यक्षों की बैठक बुलाने के बारे में पूछे जाने पर चौधरी ने कहा,वे मौसमी लोग हैं और चुनाव के समय अपनी गतिविधियां बढ़ा देते हैं, जबकि हमारे पास एक स्थायी व्यवस्था है और हम लगातार काम करते रहे हैं और अपने कामों को लेकर लोगों के पास जाते रहे हैं। बैठक के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, आने वाले चुनावों के मद्देनजर किन कार्यों और योजनाओं पर काम करना है और उन्हें अंतिम रूप देना है, इस पर चर्चा करने के लिए सभी वरिष्ठ नेता इसमें भाग ले रहे हैं।

## हम 'एक देश, एक चुनाव' की अवधारणा से असहमत : ममता बनर्जी



**नई दिल्ली/भाषा।** तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की प्रमुख ममता बनर्जी ने लोकसभा व विधानसभा चुनाव एक साथ कराने की अवधारणा पर असहमति जताते हुए बृहस्पतिवार को 'एक देश, एक चुनाव' पर उच्च स्तरीय समिति को पत्र लिखकर कहा कि यह भारत के संवैधानिक बुनियादी ढांचे के खिलाफ होगा। समिति के सचिव को लिखे पत्र में ममता ने कहा कि 1952 में लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के एक साथ पहली बार आम चुनाव कराए गए थे। उन्होंने कहा, कुछ वर्षों तक इस तरह से चला लेकिन बाद में यह प्रक्रिया टूट गई। उन्होंने पत्र में लिखा, मुझे खेद है कि मैं आपके द्वारा तैयार 'एक देश, एक चुनाव' की अवधारणा से सहमत नहीं हूं। हम आपके प्रारूप और प्रस्ताव से असहमत हैं। उन्होंने कहा कि समिति के साथ सहमत होने को लेकर कुछ वैचारिक कठिनाइयां हैं और इसकी अवधारणा स्पष्ट नहीं है।




## भाजपा अध्यक्ष नड्डा ने कांग्रेस की यात्रा को 'भारत तोड़ो अन्याय यात्रा' करार दिया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**ईटानगर/भाषा।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अध्यक्ष जे. पी. नड्डा ने कांग्रेस की प्रस्तावित 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' को 'भारत तोड़ो अन्याय यात्रा' करार दिया और देश को एकजुट करने में कांग्रेस की भूमिका पर भी बृहस्पतिवार को सवाल उठाया।

नड्डा ने यहां राज्य कार्यकारिणी की बैठक के दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा, कांग्रेस अपनी ''फूट डालो और राज करो'' की राजनीति के लिए जानी जाती है और उसने देश को ''बांटने'' के लिए सब कुछ किया और अब अपने गलत कृत्यों को छिपाने के लिए एक यात्रा आयोजित कर रही है। राहुल गांधी के नेतृत्व में यह यात्रा 14 जनवरी को मणिपुर के इंफाल से शुरू होगी और 20 मार्च को मुंबई में समाप्त होगी। अरुणाचल प्रदेश में यात्रा का चरण 20 जनवरी को निर्धारित है।

भाजपा अध्यक्ष ने कहा, मैं आप सभी से आग्रह करता हूं कि कांग्रेस को अच्छी प्रकार से समझें। यह 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' नहीं बल्कि 'भारत तोड़ो अन्याय यात्रा' है। कांग्रेस पार्टी ने भारत को एकजुट कब किया? ऐसा कभी नहीं हुआ। कांग्रेस ने हमेशा भारत को तोड़ने, भारत को बर्बाद करने का काम किया है। नड्डा ने आरोप लगाया कि कांग्रेस केवल ''वोट बैंक'' की राजनीति में रुचि रखती है और उसने मतदाताओं और राजनीति से हटकर कभी कुछ नहीं सोचा। उन्होंने कहा कि भाजपा ने देश में राजनीति की संस्कृति को बदल दिया है। उन्होंने कहा, कांग्रेस केवल राजनीति करती है, लेकिन हम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में राष्ट्रनीति करते हैं। हमारा नजरिया किसी को भी पीछे नहीं छोड़ना है। राज्य के लोगों को गांधी से सवाल करना चाहिए कि कांग्रेस ने देश को एकजुट करने का काम कब किया था। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा वोट बैंक की राजनीति के नाम पर देश को बांटने की कोशिश की।



## अयोध्या मंदिर निमंत्रण-कांग्रेस को 'हिंदू विरोधी' माना जाता रहेगा: हिमंत

**गुवाहाटी/भाषा।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने बृहस्पतिवार को कहा कि कांग्रेस को ''अपने पाप कम करने'' का मौका दिया गया था लेकिन पार्टी ने राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के निमंत्रण को अस्वीकार कर दिया जिससे इतिहास उसे ''हिंदू विरोधी'' के रूप में आंकता रहेगा।

शर्मा ने दावा किया कि कांग्रेस शुरुआत से अयोध्या में राम मंदिर के बारे में अपने विचारों को लेकर इस तरह के निमंत्रण की हकदार नहीं थी। शर्मा ने कहा, यह परंपरा (हिंदू समुदाय का विरोध करने की) पंडित (जवाहरलाल) नेहरू द्वारा उस समय शुरू की गई थी जब उन्होंने (मई 1951) में सोमनाथ मंदिर समारोह का बहिष्कार किया था। वही परंपरा कांग्रेस की वर्तमान पीढ़ी के साथ जारी है... पं. नेहरू ने सोमनाथ मंदिर के साथ जो किया, वही कांग्रेस नेतृत्व राम मंदिर के साथ कर रहा है। आने वाले वर्षों तक कांग्रेस को हिंदू विरोधी पार्टी माना जाता रहेगा। मुझे उन पर दया आती है और दुख भी होता है क्योंकि हिंदू सभ्यता का सम्मान करने के लिए किसी को मुस्लिम विरोधी होना जरूरी नहीं है।

## केंद्र ने अरुणाचल में 1022 किलोमीटर लंबी सड़कों के निर्माण को मंजूरी दी : मुख्यमंत्री



**ईटानगर/भाषा।** केंद्र सरकार ने 'वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम' (वीवीपी) के तहत अरुणाचल प्रदेश में 1022 किलोमीटर लंबी सड़कों के निर्माण को मंजूरी दी है जिससे राज्य के दूर-दराज के इलाकों तक संपर्क सुनिश्चित होगा। राज्य के मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। गृह मंत्रालय ने अरुणाचल प्रदेश में चीन के साथ सीमा पर 2,205.19 करोड़ रुपए की अनुमानित लागत से कुल 105 सड़क परियोजनाओं को वीवीपी के तहत मंजूरी दी है। वीवीपी केंद्र सरकार की योजना है जिसका मकसद सीमावर्ती क्षेत्रों में स्थित चयनित गांवों का समग्र विकास है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस मंजूरी से अंतिम छोर तक संपर्क कायम करने में मदद मिलेगी। खांडू ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम के तहत 2023-24 के लिए 1022.36 किमी लंबी सड़कों के निर्माण के लिए मंजूरी देने के ऐतिहासिक निर्णय की खातिर माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह को मेरा आभार।

## पहला विश्व उड़िया भाषा सम्मेलन, नवीन पटनायक ने लोगो जारी किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**भुवनेश्वर/भाषा।** ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने बृहस्पतिवार को पहले विश्व उड़िया भाषा सम्मेलन के लोगो का अनावरण किया और उम्मीद जतायी कि कार्यक्रम सफल रहेगा। लोगो पर लिखा है, भाषा ही भविष्य है। इस सम्मेलन का आयोजन तीन से पांच फरवरी तक होगा। पटनायक ने एक बयान में कहा, मुझे उम्मीद है कि यह सम्मेलन बुद्धिजीवियों, शोधकर्ताओं, विद्वानों और छात्रों के बीच विचारों के आदान-प्रदान के लिए एक अच्छा अवसर प्रदान करेगा। पटनायक ने कहा कि ओडिशा भाषाई आधार पर बनने वाला देश का पहला राज्य है। उन्होंने कहा कि उड़िया भाषा को शास्त्रीय भाषा का दर्जा दिया गया है, जिससे राज्य और भाषा का यश समृद्ध हुआ है।

## टी20 टीम में विराट के चयन से हैरान नहीं हूं : डिविलियर्स

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**गक्बेरहा/भाषा।** दक्षिण अफ्रीका के पूर्व क्रिकेटर एबी डिविलियर्स अपने दोस्त विराट कोहली के टी20 विश्व कप में खेलने की संभावना से तनिक भी हैरान नहीं है और उनका कहना है कि विराट ने अपने अंतरराष्ट्रीय कैरियर का प्रबंधन बखूबी किया है। कोहली ने आखिरी टी20 नवंबर 2022 में इंग्लैंड के खिलाफ टी20 विश्व कप सेमीफाइनल में खेला था। उन्होंने अफगानिस्तान के खिलाफ टी20 श्रृंखला के लिए वापसी की है और आखिरी दो मैच खेलेंगे।

डिविलियर्स ने यहां चुनिंदा पत्रकारों के साथ बातचीत के दौरान पीटीआई से कहा, मैं बिल्कुल भी हैरान नहीं हूं। मैं विराट और रोहित के लिए बहुत खुश हूं। आप टी20 विश्व कप में अपनी सर्वश्रेष्ठ टीम भेजकर जीतना चाहते हैं।

यहां दक्षिण अफ्रीका टी20 लीग में कमेंटेटर की भूमिका में मौजूद डिविलियर्स ने कहा, मैं समझ सकता हूं कि आलोचना हो रही है क्योंकि युवाओं और उन खिलाड़ियों का मौका छिन गया है जो लगातार टी20 खेल रहे हैं। उनका मानना है कि रोहित और विराट भारत की सर्वश्रेष्ठ टी20 टीम का हिस्सा हैं और उन्हें विश्व कप टीम में जगह देने का फैसला सही है।

उन्होंने कहा, अपने कैरियर के आखिर में मेरी स्थिति भी ऐसी ही थी। मेरे साथ ऐसा नहीं हुआ लेकिन विराट और रोहित को मौका मिला है और यह सही फैसला है। आप अपने अनुभवी खिलाड़ियों पर भरोसा कर सकते हैं कि वे विश्व कप जिताएंगे।

डिविलियर्स ने विराट के बारे में कहा, ''विराट की रगों में क्रिकेट है और यही उसकी प्रेरणा है। मैं भी इसी जुनून के कारण खेलता रहा और जिस दिन यह आग ठंडी होती महसूस हुई, मैने खेल से संन्यास ले लिया।

उन्होंने कहा, उसने जीवन में परफेक्ट संतुलन बना रखा है। वह परिवार के साथ काफी समय बिताता है। उसने अपने कैरियर का प्रबंधन भी बखूबी किया है जो मैं अपने कैरियर के आखिरी पड़ाव पर नहीं कर सकता।

## हमारा ध्यान मजबूत आक्रामक ताकत बनने पर: स्ट्राइकर लालरेमसियामी

**रांची/भाषा।** स्ट्राइकर लालरेमसियामी ने गुरुवार को कहा कि भारतीय महिला हॉकी टीम शनिवार से यहां शुरू होने वाले क्वालीफाइंग टूर्नामेंट में ओलंपिक कोटा हासिल करने के इरादे से मजबूत आक्रामक ताकत बनने के लिए अपने कौशल को निखारने और अपने फॉरवर्ड खिलाड़ियों की मूवमेंट में सामंजस्य पर ध्यान केंद्रित कर रही है। यहां 13 से 19 जनवरी तक होने वाले आठ देशों के इस टूर्नामेंट में शीर्ष तीन में रहने वाली टीमें इस साल होने वाले पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करेंगी।

लालरेमसियामी ने फारवर्ड पंक्ति को निखारने को लेकर चल रहे काम पर कहा, हमारी तैयारी हमारी अग्रिम पंक्ति को मजबूत करने पर केंद्रित है। हमने मजबूत आक्रमक ताकत बनने के लिए अपने समन्वय को बढ़ाने, अपने कौशल को निखारने और अपने मूवमेंट में सामंजस्य पर ध्यान केंद्रित किया है। उन्होंने कहा, हम अपनी योजनाओं को प्रभावी ढंग से क्रियान्वित करने की तैयारी और उत्सुकता के साथ टूर्नामेंट में प्रवेश कर रहे हैं। हमारा ध्यान पेरिस ओलंपिक में जगह सुरक्षित करने के लिए अपनी अग्रिम पंक्ति की क्षमताओं को शीर्ष स्तर पर ले जाने पर है। गुरुवार को टूर्नामेंट पूर्व प्रेस कांफ्रेंस में कप्तान सविता पूनिया ने कहा कि टीम आक्रामक हॉकी खेलने की कोशिश करेगी। सविता ने कहा, हमारा मजबूत पक्ष आक्रमण करना है, हालांकि हमारा डिफेंस भी अच्छा है। हम आगामी मुकाबलों में ऐसा ही करेंगे। भारत को न्यूजीलैंड, इटली और अमेरिका के साथ पूल बी में रखा गया है। दुनिया की पांचवें नंबर की टीम जर्मनी, एशियाई खेलों का पूर्व चैंपियन जापान, चिली और चेक गणराज्य पूल ए में हैं। भारत अपने अभियान की शुरुआत शनिवार को अमेरिका के खिलाफ करेगा और फिर 14 जनवरी को न्यूजीलैंड तथा 16 जनवरी को इटली से भिड़ेगा। सेमीफाइनल 18 जनवरी जबकि फाइनल इसके अगले दिन खेला जाएगा।



## सुविचार

**अगर आप किसी का अपमान कर रहे हैं, तो वास्तव में आप अपना सम्मान खो रहे हैं।**

## दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# जहरीली तारीफ

इन दिनों सोशल मीडिया पर पाकिस्तानी खुफिया एजेंसियों का ऐसा 'खेल' चल रहा है, जिसके बारे में हमारे देश में ज्यादातर लोगों के पास कोई खास जानकारी नहीं है। पिछले दो वर्षों में आईएसआई की 'महिला' एजेंटों द्वारा भारत की सेनाओं और राष्ट्रीय सुरक्षा की दृष्टि से संवेदनशील स्थानों पर तैनात कई कर्मियों को 'हनीट्रैप' का शिकार बनाने की कोशिशें की गईं। चूंकि ऐसे काम खुफिया तौर पर होते हैं, इसलिए कम ही लोगों की नजरों में आते हैं। अब पाकिस्तान की ओर से यूट्यूब पर एक और 'काम' धड़ल्ले से जारी है, जिसमें भारत के आम लोगों का इस्तेमाल हो रहा है और उन्हें इस बात की जानकारी भी नहीं है। पिछले एक-डेढ़ साल में पाकिस्तान में ऐसे दर्जनभर 'यूट्यूबर' आ गए हैं, जो कैमरा और माइक लेकर इस्लामाबाद, कराची, लाहौर, पेशावर ... जैसे शहरों में जाकर लोगों से विभिन्न मुद्दों पर बातचीत करते हैं। उनकी ज्यादा से ज्यादा कोशिश इस बात को लेकर होती है कि पाकिस्तान को अविकसित, अतिभ्रष्ट और हिंसक राष्ट्र बताया जाए और भारत की भरपूर तारीफ की जाए! इन यूट्यूबरों के लगभग सभी दर्शक भारतीय होते हैं। इनके वीडियो पर टिप्पणियों में शायद ही कोई पाकिस्तानी नजर आएगा। पाकिस्तानी समाज भारत और हिंदुओं से बेहद नफरत करता है। ताज्जुब की बात है कि ये कथित यूट्यूबर भरे बाजार में भारत और हिंदू समाज की पुरजोर तारीफें करते हैं, लेकिन इनका बाल भी बांका नहीं होता! याद करें, एक श्रीलंकाई नागरिक, जो सियालकोट के कारखाने में बतौर मैनेजर नौकरी कर रहा था, ने परिसर से एक राजनीतिक दल का स्टिकर (जिस पर उर्दू लिखी थी) ही हटाया था, जिसके बाद भीड़ ने उसे ज़िंदा जला दिया था। क्या उस देश में यह संभव है कि कोई यूट्यूबर भीड़भाड़ वाले एक बाजार में जाए, वहां भारत की तारीफ करे, सनातन धर्म की खूबियां बयान करे, नरेंद्र मोदी की बड़ाई करे ... और सही-सलामत वापस भी आ जाए?

हाल में न्यूजीलैंड में भारतीय मूल के एक व्यक्ति ने इस नेटवर्क का पर्दाफाश किया, जिससे बहुत लोगों को हैरत हुई। पाकिस्तान की एक महिला यूट्यूबर (जो पत्रकार होने का दावा करती हैं) खुद के देश से ज्यादा भारत में 'लोकप्रिय' हैं। वे अपने हर वीडियो में भारत की तारीफ ही करती नजर आती हैं। पिछले दिनों दाऊद इब्राहिम के अस्पताल में भर्ती होकर आखिरी सांसें लेने की अफवाह भी उन्होंने ही उड़ाई थी, जिसके बाद भारत के कई समाचार चैनल इसी दौड़ में लग गए थे कि वे सबसे पहले 'अंडरवर्ल्ड डॉन' की खबर देंगे! देखते ही देखते कई यूट्यूब चैनल भी मैदान में कूद पड़े थे। वे भी दिखाने लगे थे कि उनके 'सूत्रों' के मुताबिक दाऊद का अंत निकट है! इस तरह एक पाकिस्तानी यूट्यूबर ने इन्हें फेक न्यूज के जाल में खूब उलझाया। ये कथित पाकिस्तानी 'पत्रकार' जब लाइव कार्यक्रम करती हैं या किसी विषय पर चर्चा करती हैं तो अपने एक साथी 'पत्रकार' को भी यह बताते हुए जोड़ लेती हैं कि वे दूसरे शहर से बात कर रहे हैं। दोनों ही भारत, हिंदू समाज, नरेंद्र मोदी की खूब तारीफें करते हैं। कुछ दिनों पहले न्यूजीलैंड निवासी उक्त व्यक्ति ने खुलासा किया कि ये कोई पत्रकार नहीं हैं और न ही दोनों अलग-अलग शहरों में रहते हैं। ये पति-पत्नी हैं, जो एक ही मकान के अलग-अलग कमरों से लाइव कार्यक्रम करते हैं! इनका मकसद भारत की तारीफ कर व्यूज लेना और पैसा कमाना है। ऐसे कई बिंदु हैं, जिनसे संकेत मिलता है कि ये पाकिस्तानी एजेंसियों के लिए काम कर रहे हैं! कहीं यह आईएसआई की कोई नई चाल तो नहीं, जिसके तहत सोशल मीडिया के जरिए उसके एजेंटों की भारतीय समाज में घुसपैठ कराई जा रही है? चूंकि भारत में लोग इन कथित पत्रकारों, यूट्यूबरों को बेहद पसंद करने लगे हैं! इनके वीडियो पर लाखों व्यूज आने लगे हैं। कुछ लोग तो इनसे शादी करने का इरादा जाहिर कर रहे हैं! पिछले साल इन 'यूट्यूबरों' ने नाटकीय ढंग से एक अभियान शुरू किया था, जिसके तहत ये पाकिस्तान के किसी बाजार में चीजों की कीमतें पूछते थे। इसके बाद किसी भारतीय को लाइव आने का न्योता देकर उससे अपना घर, मोहल्ला, बाजार आदि दिखाने का अनुरोध करते थे। भारतीय इसके लिए खुशी-खुशी तैयार हो जाते थे। उन्हें पता ही नहीं चलता था कि इस तरह वे एक शत्रु एजेंसी तक अपने इलाके की संवेदनशील जानकारी पहुंचा रहे हैं! हमें इस 'जहरीली तारीफ' से सावधान रहना होगा। याद रखें, जब 'शत्रु' अचानक मीठा बोलने लग जाए, उसके व्यवहार में अत्यंत मधुरता आ जाए तो उसकी मंशा कुछ और ही होती है।

## ट्वीटर टॉक



आज राजधानी जयपुर में चेक गणराज्य के माननीय प्रधानमंत्री श्रीमान पेट्र फियाला जी से शिष्टाचार भेंट की। पराक्रम, त्याग और बलिदान की पावन धरा राजस्थान पधारने पर मैं उनका हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन करता हूं ।

**-भजनलाल शर्मा**



राजस्थान विधान सभा के अध्यक्ष श्री वासुदेव देवनानी जी को जन्मदिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ। ईश्वर से आपके उत्तम स्वास्थ्य व दीर्घायु की कामना करता हूँ। आशा है आपके वृहद अनुभव का लाभ सदन को मिलेगा जिससे विधान सभा प्रदेश की उन्नति और कल्याण की सफल उत्प्रेरक बनेगी।

**-ओम बिरला**



गुजरात से राजस्थान स्कूल ट्यूर पर आई बस का सुमेरपुर थाना क्षेत्र में दुर्घटनाग्रस्त होना दुखद है। हादसे में मृतकों को श्रद्धांजलि देते हुए घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं। घायलों की यथासंभव सहायता करते हुए उन्हें चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करवाएं।

**-सीपी जोशी**

## प्रेरक प्रसंग

# आत्ममुग्धता के दंश

एक बार एक राजा को अपने पराक्रम और साम्राज्य पर बहुत ही अभिमान हो गया। इस अभिमान के कुप्रभाव से वो बहुत बड़बोला बन गया। यह बात राजा के कुलगुरु ने भांप ली। वो राजा को एक बार वन भ्रमण के लिए ले गये। वहां बादल गरज रहे थे, मोर नाच रहे थे, हवा बह रही थी मगर राजा का इन सब पर बिल्कुल भी ध्यान नहीं था। अब कुलगुरु ने अचानक एक खुजली वाली पत्ती राजा के हाथ से स्पर्श करा दी। पल भर गुजरा और राजा हथेली को मसलने लगा, थोड़ी देर में वो लाल हथेली की इस हालत से परेशान हो गया। अब कुलगुरु ने वन से ही कुछ पत्तियां लेकर उनका रस लगाया और कुछ ही पल में हथेली सामान्य हो गई। कुलगुरु ने कहा, राजन आप अब अपने सिवा हर किसी को महत्वहीन समझ रहे हैं। अब आज से याद रख लीजिए कि यदि स्वयं की अच्छाइयों पर आत्ममुग्धता होने लगे तो समझ लीजिए कि अब आपकी अच्छी और सच्ची चीजों से मिलने की प्रक्रिया बिलकुल रुक चुकी है।

## सामयिक

# युवा पीढ़ी के प्रणेता स्वामी विवेकानंद



**स्वामीजी के अनेक महत्वपूर्ण विचारों का सृजन ही भारतीय राष्ट्र के नव निर्माण का स्रोत है। स्वामी जी ने हीनता की भावना से ग्रसित आज की युवा पीढ़ी के लिए विचार व्यक्त करते हुए कहा कि शक्ति जीवन है-निर्बलता मृत्यु है, विस्तार जीवन है-संकुचन मृत्यु है, प्रेम जीवन है-द्वेष मृत्यु है। आज इस दौर में जब विचारधाराएं संकुचित एवं कुंठित हैं, युवा अनेक दुर्बलताओं से ग्रसित है, ऐसे समय में युवाओं के लिए विवेकानंद जी के विचार आज भी बहुत प्रासंगिक है जिसे आत्मसात करके 'युवा' सृजन का नवनिर्माता बन सकता है।**

**डॉ रामेश्वर मिश्र**

भारतीय ज्ञान, दर्शन, वैदिक परम्परा के प्रणेता युवाओं के ऊर्जा स्रोत स्वामी विवेकानंद जी का 40 वां जन्मोत्सव आज सारा देश राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मना रहा है। 12 जनवरी 1984 को तत्कालीन भारतीय सरकार द्वारा स्वामी जी की जयंती को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की गयी तब से लेकर आज तक स्वामी जी की जयंती पर हर वर्ष राष्ट्रीय युवा दिवस एक नयी थीम के साथ मनाया जा रहा है। पिछले साल सन 2023 में राष्ट्रीय युवा महोत्सव का आयोजन 12 जनवरी से 16 जनवरी के बीच कर्नाटक में किया गया जिसका विषय 'विकसित युवा-विकसित भारत' था। इस वर्ष सन 2024 में राष्ट्रीय युवा महोत्सव का आयोजन महाराष्ट्र की धार्मिक नगरी नासिक में किया जा रहा है जिसका विषय 'इट्स आल इन द माइन्ड' जिसका अर्थ होता है सब कुछ आपके दिमाग में है'। भारत एक युवा प्रधान देश है, भारत में युवाओं की दर लगातार बढ़ रही है। भारत में 15 से 24 वर्ष के बीच के युवाओं की आबादी 10 प्रतिशत है तथा 15 से 20 वर्ष के युवाओं की आबादी 25 प्रतिशत है। भारत में इस समय युवा आबादी अवसाद की चपेट में है इसकी व्यापकता दर 31 प्रतिशत से लेकर 51 प्रतिशत के करीब है। यूनिसेफ की रिपोर्ट के मुताबिक भारत में 15 से 24 वर्ष के हर सात युवाओं में से एक अवसाद ग्रस्त हैं, आज युवा में आगे बढ़ने की चाह है, रोजगार की तलाश में हर युवा संघर्ष कर रहा है।

स्वामीजी महान आत्मा थे जिनके प्रति वर्तमान पीढ़ी ऋणी है और भावी पीढ़ी भी ऋणी रहेगी। स्वामी जी एक तेजोमय सन्यासी थे, उन्होंने निर्बलता को मनुष्य का सबसे बड़ा शत्रु समझा इसके लिए उन्होंने जो सिद्धांत दिया उसे शक्ति और प्रतिरोध का सिद्धांत' कहा जाता है। इस बदलते दौर में जब युवा शक्ति को ऊर्जा के लिए एक मार्गनिर्देशक की आवश्यकता है तो ऐसे में माँ भारतीय के अमर सपूत स्वामी जी के युवा दर्शन की प्रासंगिकता बढ़ जाती हैं। स्वामी जी के जीवन मूल्यों, आदर्शों एवं दर्शन को आत्मसात करके हर युवा लक्ष्य को पा सकता है। स्वामी जी के दिये गये अनमोल विचारों के चिन्तन मनन से एक स्वस्थ राष्ट्र का निर्माण हो सकता है, स्वामी जी ने अलग-अलग समय पर देश के युवाओं के लिए मूल्यवान विचार दिये हैं। स्वामी जी ने युवाओं के विकास के लिए अनेक मार्ग बताये है। आज समाज में हर युवा सफलता पाना चाहता है, युवा एक नयी मंजिल की तलाश में संघर्षरत है। इस आपाधापी भरे जीवन से निकलने का मार्ग नहीं मिल रहा है। नित्य नयी चुनौतियों का सामना करने में युवा अपने को निर्बल समझता है, सफलता प्राप्त करने की चुनौती में वह अपनो से दूर होता जा रहा है। असफलता की कुन्ठा ने युवाओं को एकांकी और निर्बल बना दिया है। स्वामी जी ने युवाओं को लक्ष्य करके निर्देश दिया था कि यदि तुम सफलता चाहते हो तो पहले अहं का नाश कर डालो तथा व्यवहार में शुद्धता रखने के साथ ही आपस में न लड़ने एवं पक्षपात रहित होने का मार्ग सुझाया।

स्वामीजी ने सफलता के लिए कहा कि 'उठो, जागो और तब तक नहीं रूको जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाए'। आज स्वामी जी के विचार इस बदलते दौर में युवाओं के लिए सफल पथ-प्रदर्शक है। यह एक ऐसा दौर है जब जीवन मूल्य आध्यात्मिक दौर से गुजरते हुए भौतिकवादी युग में प्रवेश कर गया है जहाँ सामाजिक मूल्यों का संचालन तकनीकी ज्ञान परम्परा पर आधारित है, सामाजिक प्रेम, सहजता, सृजन और दयालुता का स्थान पूंजीवादी व्यवस्था ने ले लिया है जिसके फलस्वरूप युवा पीढ़ी के भ्रमित होने की संभावनाएं ज्यादा है। इस पूंजीवादी व्यवस्था में युवा समय से पहले अपने को निर्बल महसूस कर रहा है, थकान भरी जीवन में युवा होने के पर्याय ही समाप्त होते जा रहे हैं। इस आपाधापी भरे जीवन में स्वामी जी के वैचारिक मूल्यों का स्थान ऊंचा हो जाता है। विवेकानन्द जी ने एक सभा को संबोधित करते हुए कहा था कि युवा वह है जिसके हाथों में शक्ति हो, पैरों में गति हो, हृदय में ऊर्जा और आंखों में सपने होते हैं। इन्हीं सपनों को प्राप्त करने के लिए किया गया संघर्ष ही किसी भी युवा के जीवन को ऊर्जावान बना देता है। स्वामीजी के इन्हीं विचारों को आत्मसात करके युवा शक्ति को नयी दिशा मिल सकती है। स्वामी जी ने युवाओं को असफलता से हतोत्साहित न होकर वरन उससे प्रेरणा लेकर कार्य करने का मार्ग बतलाया है जिससे सफलता का मार्ग प्रशस्त होता है। स्वामी जी ने कहा है कि कभी मत सोचिये कि आत्मा के लिए कुछ असंभव है, ऐसा सोचना सबसे बड़ा विधर्म है। अगर कोई पाप है तो यही कि यह कहना कि तुम निर्बल हो या अन्य निर्बल है।

स्वामीजी के अनेक महत्वपूर्ण विचारों का सृजन ही भारतीय राष्ट्र के नव निर्माण का स्रोत है। स्वामी जी ने हीनता की भावना से ग्रसित आज की युवा पीढ़ी के लिए विचार व्यक्त करते हुए कहा कि शक्ति जीवन है-निर्बलता मृत्यु है, विस्तार जीवन है-संकुचन मृत्यु है, प्रेम जीवन है-द्वेष मृत्यु है। आज इस दौर में जब विचारधाराएं संकुचित एवं कुंठित हैं, युवा अनेक दुर्बलताओं से ग्रसित है, ऐसे समय में युवाओं के लिए विवेकानंद जी के विचार आज भी बहुत प्रासंगिक है जिसे आत्मसात करके 'युवा' सृजन का नवनिर्माता बन सकता है, समाज के कल्याण का वाहक हो सकता है और विश्व में मैत्रीभाव का प्रेरक हो सकता है। स्वामी जी के विचार राष्ट्रपरक हैं, समाज अन्वेषी हैं जिन्हें आत्मसात करके राष्ट्र को दिशा दी जा सकती है। युवा शक्ति और भारतीय दर्शन को विश्व पटल पर स्थापित करने वाले आदर्श जीवन मूल्यों, ऊर्जा के स्रोत, वैदिक परम्परा के सतत अनुयायी हम सबके प्रणेता स्वामी विवेकानंद जी की जयंती पर शत शत नमन। राष्ट्र आपके आदर्शों का सदा ऋणी रहेगा।

## चिंतन




**युवा वर्ग के ग्रामों की ओर रूख करने से ग्रामीण नागरिकों के शिक्षा के स्तर को सुधारा जा सकता है। स्वास्य सेवाओं को सुधारा जा सकता है। यदि 10 ग्रामों के एक समूह में एक भी अच्छा डॉक्टर उपलब्ध हो जाता है तो कम से कम इस समूह के ग्रामीणों की स्वास्थ्य सेवाओं में तो सुधार होने ही लगेगा। आज गांवों से नागरिकों को अपने इलाज के लिए शहरों की ओर रूख करना होता है। अच्छे युवा डॉक्टरों को गांवों की ओर मुड़ना चाहिए। असली भारत तो आज भी गांवों में ही बसा है।**

# भारत को भारत बनाएं - चलें गांव की ओर

**प्रहलाद सबनानी**
मोबाइल : 9987949940

प्राचीन काल में भारत का पूरे विश्व में साम्राज्य था। आज ऐसे कई प्रमाण मिल रहे हैं, जिससे सिद्ध हो रहा है कि सनातन संस्कृति का अनुपालन करने वाले लोग इंडोनेशिया तक फैले थे। यह तो हम सब जानते ही हैं कि अफगनिस्तान, ईरान, पाकिस्तान, श्रीलंका, नेपाल, भूटान, पाकिस्तान, बांग्लादेश अखंड भारत का ही हिस्सा रहे हैं। आज एक बार पुनः वैश्विक स्तर पर कई देशों का भारत की सनातन संस्कृति की ओर विश्वास बढ़ रहा है क्योंकि ये देश विभिन्न प्रकार की समस्याओं से ग्रस्त हैं और उनकी इन समस्याओं का हल ये देश निकाल नहीं पा रहे हैं। प्रत्येक भारतीय वसुद्धैव कुटुम्बकम की भावना पर भरोसा करता है अतः पूरे विश्व को ही अपने कुटुंब का हिस्सा मानते हुए चलता है। और, यह भावना हाल ही में पूरे विश्व ने देखी भी है। कोरोना महामारी के दौरान भारत में भारत सरकार एवं राज्य सरकारों के कर्मचारियों के अतिरिक्त समाज से भी लाखों लोग घर से बाहर निकले एवं समाज में कोरोना बीमारी से ग्रसित नागरिकों की सेवा की। यह केवल भारत में ही हुआ है, विश्व में अन्य देशों के बीच इस प्रकार की भावना नहीं देखी गई थी। और तो और, भारत ने विभिन्न देशों में दवाईयों एवं टीकों को पर्याप्त मात्रा में पहुंचाया भी। भारत की वास्तविक जीवन दृष्टि यही रही है। इस जीवन दृष्टि के चलते भारत को अन्य देशों से कुछ अलग माना जाता है। भारतीय एक दूसरे के साथ आत्मीय सम्बंध स्थापित करते हैं। प्रत्येक भारतीय की नजर में चर और अचर दोनों में ईश्वर व्याप्त है। इसीलिए भारत के नागरिक पूरे विश्व को आपस में जुड़ा हुआ महसूस करते हैं। अनेकता में एकता, यह भारत की दृष्टि है। भारत में अनेकता को भी एक त्यौहार की तरह देखा जाता है। केवल भारत में ही इस्लाम के समस्त फिर्के, इसाईयों के विभिन्न मत, पारसी, यहूदी आदि भी बड़ी मात्रा में भारत के अन्य समाज बन्धुओं के साथ भाईचारा रखते हुए खुशी खुशी निवास करते हैं। दरअसल, भारत समाज आधारित इकाई है, पश्चिम की तरह यह राज्य आधारित इकाई नहीं है।

यह भी केवल भारत की विशेषता है कि विदेशों में पले बढ़े, रचे बसे भारतीय मूल के नागरिक भारी संख्या में भारत वापिस आकर यहां पुनः भारत के ही बन जाते हैं। इनमें से भारतीय मूल के कई नागरिक तो अपने शेष बचे जीवन को जीने के लिए भारत के गांवों को चुनते हैं। भारत के गांवों में नैसर्गिक जीवन है। गांवों में निवास कर रहे नागरिकों के बीच आपस में प्रतिस्पर्धा नहीं है। आज भारत के गांव पक्की सड़कों के माध्यम से शहरों के साथ जुड़ गए हैं। 24 घंटे बिजली उपलब्ध रहती है। इंटरनेट जैसी समस्त आधुनिक सुविधाएं भी भारतीय गावों में उपलब्ध हैं। कुल मिलाकर आज भारत के गांवों में समस्त प्रकार की आधारभूत संरचना विकसित हो चुकी है। गांवों में तुलनात्मक रूप से खर्च भी कम होता है। इसके ठीक विपरीत आज शहरों पर अत्यधिक जनसंख्या का दबाव है एवं शहरों का पर्यावरण बिगड़ रहा है।

पश्चिमी सभ्यता ने मानव जाति का सबसे अधिक नुक्सान किया है। आर्थिक विकास के नाम पर नागरिकों के आपसी भाईचारे को खत्म किया है। प्रत्येक नागरिक केवल अपने बारे में ही सोचता है और चाहता है कि मैं जल्दी से जल्दी किस प्रकार अमीर बनूं, चाहे इसके लिए उसे कुछ गलत कार्य भी क्यों न करना पड़े। कृषि उत्पादन बढ़ाने के लिए खाद एवं बीज के नाम पर रासायनिक पदार्थों का उपयोग अत्यधिक मात्रा में किया गया है, इससे जमीन बांझ बन गई है। आज पूरे विश्व में किसान जैविक खेती की ओर आकर्षित हो रहे हैं एवं जैविक खेती के माध्यम से उगाए गए फल, सब्जियां महंगे दाम पर भी खरीदने को नागरिक लालायित हो रहे हैं। प्राचीन काल में भारत में कृषि कार्य केवल जैविक खेती के माध्यम से ही क्या जाता था। इसलिए उस खंडकाल में नागरिक बीमारियों से ग्रस्त भी नहीं होते थे। नागरिक ग्रामों में ही हृष्ट पुष्ट, स्वस्थ एवं हंसी खुशी से आपसी भाईचारे से रहते थे।अन्य देशों के साथ साथ आज भारतीय शहरों में भी ग्रामीण नागरिकों के बीच पाई जाने वाली विशेषताओं का अभाव दिखाई देता है।

उक्त कारणों के बीच यदि भारत को एक बार पुनः भारत बनाना है तो हमें गांवों की ओर लौटना होगा। इसकी शुरुआत शहरों में रह रहे युवाओं द्वारा की जा सकती है। आज भारत का युवा तकनीक के क्षेत्र में बहुत आगे निकाल आया है। वे यदि शहरों के स्थान पर अपनी विनिर्माण इकाईयों की स्थापना ग्रामों में करते हैं तो इससे ग्रामीण आबादी का शहरों की ओर पलायन रुकेगा क्योंकि रोजगार के अवसर ग्रामीण इलाकों में ही निर्मित होंगे। ग्रामों में रहकर नैसर्गिक जीवन का आनंद भी उठाया जा सकेगा। प्राचीन भारत में भी छोटे छोटे उद्योग ग्रामीण इलाकों में स्थापित किए जाते थे और उत्पादित वस्तुओं का बाजार भी इन्हीं इलाकों में आसानी से उपलब्ध रहता था। इसके कारण वस्तुओं के दाम तो बढ़ते ही नहीं थे बल्कि उत्पादों की पर्याप्त उपलब्धता के चलते वस्तुओं के दाम सदैव नियंत्रण में रहते थे और कई बार तो कम ही होते रहते थे। मुद्रा स्फीति की समस्या प्राचीन भारत में थी ही नहीं।

युवा वर्ग के ग्रामों की ओर रूख करने से ग्रामीण नागरिकों के शिक्षा के स्तर को सुधारा जा सकता है। स्वास्य सेवाओं को सुधारा जा सकता है। यदि 10 ग्रामों के एक समूह में एक भी अच्छा डॉक्टर उपलब्ध हो जाता है तो कम से कम इस समूह के ग्रामीणों की स्वास्थ्य सेवाओं में तो सुधार होने ही लगेगा। आज गांवों से नागरिकों को अपने इलाज के लिए शहरों की ओर रूख करना होता है। अच्छे युवा डॉक्टरों को गांवों की ओर मुड़ना चाहिए। असली भारत तो आज भी गांवों में ही बसा है। भारत की 60 प्रतिशत से अधिक आबादी आज भी ग्रामों में ही निवास करती है। आज की युवा पीढ़ी ग्रामों की ओर रूख करने के सम्बंध में गम्भीरता से विचार करे।

भारत में कार्य कर रही विभिन्न आर्थिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्थानों को भी इस ओर विशेष ध्यान देने की आज आवश्यकता है। देश के सकल घरेलू उत्पाद में कृषि क्षेत्र का योगदान केवल 16 प्रतिशत के आसपास रहता है जबकि देश की 60 प्रतिशत आबादी ग्रामों में निवास कर रही है। इस वर्ग की प्रति व्यक्ति आय तुलनात्मक रूप से बहुत कम है। इस वर्ग को यदि मध्यम वर्ग में बदला जा सके तो भारत में ही उत्पादों की मांग तेजी से बढ़ने लगेगी इससे देश के आर्थिक विकास को पंख लग सकते हैं।

भारत की युवा पीढ़ी के विशेष रूप के वे नागरिक जो विदेश में अपनी पढ़ाई सम्पन्न कर भारत लौटे हैं एवं वे भारत में अपना नया कारोबार प्रारम्भ करना चाहते हैं, उन्हें अपना नया कारोबार भारत के गांवों में प्रारम्भ करने के बारे में गम्भीरता से विचार करना चाहिए। इससे भारत को पुनः भारत बनाने में बहुत बड़ी मदद मिलेगी। ऐसा कहा भी जाता है कि भारत की आत्मा आज भी गांवों में ही निवास करती है। युवा उद्यमी यदि गांव की ओर रूख करेंगे तो निश्चित ही भारत के आर्थिक विकास को अगले लेवल पर पहुंचाया जा सकेगा, और भारत की आर्थिक विकास दर 10 प्रतिशत से भी आगे निकल सकती है।

महत्त्वपूर्ण

Published by Bhupendra Kumar on behalf of New Media Company, Arihant Plaza, 2nd Floor, 84-85, Wall Tax Road, Chennai-600 003 and printed by R. Kannan Adityan at Deviyin Kanmani Achagam, 246, Anna Salai, Thousand Lights, Chennai-600 006. Editor : Bhupendra Kumar (Responsible for selection of news under PRB Act.). Group Editor - Shreekant Parashar. Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any suchmanner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law. **Regn No.RNI No. : TNHIN / 2013 / 52520**

पाठकों से अनुरोध है कि इस प्रकाशन में प्रकाशित किए जाने वाले किसी भी तरह के विज्ञापन (वैवाहिक, वर्गीकृत, टैंड़र एवं सजावटी इत्यादि) पर कोई भी कार्यवाही, प्रतिबद्धता या धनराशि का व्यय करने से पूर्व इन विज्ञापनों के बारे में समस्त जानकारी वह स्वयं प्राप्त कर लें। दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह उत्पादों की गुणवत्ता तथा सेवाओं के लिए विज्ञापनदाताओं द्वारा किए जा रहे किसी प्रकार के दावों के लिए जिम्मेदार नहीं है। अगर विज्ञापनदाता विज्ञापन में किया जा रहा दावा पूरा नहीं करता है तो दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह के संपादक, मुद्रक एवं प्रकाशक या मालिकान को पाठक किसी भी रूप में उत्तरदाई नहीं बना सकता।- दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# राजनाथ ने ऋषि सुनक के साथ बैठक के बाद ब्रिटेन की अपनी यात्रा संपन्न की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



लंदन/भाषा। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक के साथ गर्मजोशी भरी बैठक कर और एक सामुदायिक कार्यक्रम में भारतीय समुदाय के सदस्यों से मिलने के बाद यहां की अपनी यात्रा बृहस्पतिवार को संपन्न की।

सिंह ने यहां प्रधानमंत्री आवास सह कार्यालय '10 डाउनिंग स्ट्रीट' में बुधवार को सुनक से मुलाकात की। उन्होंने द्विपक्षीय रक्षा और आर्थिक संबंधों के मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की।

सिंह ने बैठक के दौरान, ब्रिटेन के प्रथम हिंदू प्रधानमंत्री सुनक को राम दरबार की एक मूर्ति भी भेंट की। बैठक में ब्रिटेन के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार सर टिम बैरो भी शामिल हुए।रक्षा मंत्री ने सोशल मीडिया पर एक बयान में कहा, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक के साथ लंदन में गर्मजोशी भरी बैठक हुई। उन्होंने कहा, मुझे उनके साथ कई मुद्दों पर चर्चा करने का अवसर मिला। हमने रक्षा, आर्थिक सहयोग के मुद्दों तथा भारत और ब्रिटेन द्वारा शांतिपूर्ण व स्थिर वैश्विक नियम आधारित व्यवस्था बना सकने के तरीकों पर चर्चा की। रक्षा मंत्रालय की एक विज्ञप्ति के अनुसार, सुनक ब्रिटेन और भारत के तालमेल के साथ काम करने की जरूरत पर राजनाथ से सहमत हुए और उम्मीद जताई कि मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) पर जारी बातचीत को जल्द ही सफलतापूर्वक निष्कर्ष पर पहुंचाया जाएगा।

भारत और ब्रिटेन एफटीए के लिए अभी 14वें दौर की वार्ता कर रहे हैं। इस समझौते का लक्ष्य 36 अरब ब्रिटिश पौंड की द्विपक्षीय साझेदारी को बढ़ाना है।

समझा जाता है कि सुनक ने भी द्विपक्षीय साझेदारी के तहत रक्षा व सुरक्षा संबंध प्रगाढ़ करने की अपनी सरकार की इच्छा को रेखांकित किया।

इस बीच, सिंह ने सुनक को ब्रिटेन के रक्षा उद्योग के साथ सकारात्मक बातचीत होने और ब्रिटेन की अपनी यात्रा के दौरान द्विपक्षीय रक्षा साझेदारी में नई सकारात्मक ऊर्जा की जानकारी दी। किसी भारतीय रक्षा मंत्री की पिछले 22 वर्षों में ब्रिटेन की यह पहली यात्रा है। सिंह ने ब्रिटेन के विदेश मंत्री डेविड कैमरन से भी मुलाकात की।

बुधवार शाम, सिंह ने लंदन स्थित भारतीय उच्चायोग द्वारा आयोजित एक सामुदायिक अभिनंदन कार्यक्रम में भारतीय मूल के करीब 200 लोगों से मुलाकात की। कार्यक्रम में, पूर्व भारतीय सैन्य कर्मी एवं उनके परिवार के सदस्य और द्वितीय विश्व युद्ध लड़ चुके सैनिक भी उपस्थित थे।

# स्क्रीन एक्टर्स गिल्ड पुरस्कारों के लिए 'बार्बी, ओपेनहाइमर' नामित

न्यूयॉर्क/भाषा। स्क्रीन एक्टर्स गिल्ड (एसएजी) अवार्ड्स के लिए 'ओपेनहाइमर, बार्बी' और 'अमेरिकन फिक्शन' को कई श्रेणियों में नामित किया गया, जबकि सर्वश्रेष्ठ पुरुष अभिनेता श्रेणी के लिए नामित होने वालों की सूची में लियोनार्डो डिकैप्रियो अपनी जगह नहीं बना पाए।

'गोल्डन ग्लोब्स अवॉर्ड' की ही तरह ग्रेटा गेरविग की 'बार्बी' और क्रिस्टोफर नोलन की 'ओपेनहाइमर' बुधवार को कई श्रेणियों में नामित किया गया।

प्रत्येक फिल्म को सर्वश्रेष्ठ कलाकार सहित चार श्रेणियों में नामित किया गया। मार्गोट रोबी और रयान गोसलिंग को 'बार्बी' में उनके प्रदर्शन के लिए नामित किया गया जबकि सिलियन मर्फी, रॉबर्ट डाउनी जूनियर और एमिली ब्लंट को 'ओपेनहाइमर' के लिए नामित किया गया। 'बार्बी' और 'ओपेनहाइमर' का हॉलीवुड के पुरस्कार समारोह में शानदार प्रदर्शन बरकरार है जैसा की उनकी कमाई के मामले में भी था। कॉर्ड जेफरसन के 'अमेरिकन फिक्शन' को तीन श्रेणियों में नामित किया गया। वहीं, जेफ्री राइट को सर्वश्रेष्ठ पुरुष अभिनेता और स्टर्लिंग के. ब्राउन को सह-पुरुष अभिनेता के रूप में नामित किया गया। सर्वश्रेष्ठ अभिनेता के लिए ब्रेडली कूपर (माइस्ट्रो), कोलमैन डोमिंगो (रस्टिन), पॉल गियामैटी , मर्फी और राइट को नामित किया गया। वहीं, यह माना जा रहा था कि डिकैप्रियो, को मार्टिन स्कोरसी की फिल्म 'किलर्स ऑफ द फ्लावर मून' में उनके अभिनय के लिए उन्हें नामित किया जाएगा।

## जयंती समारोह



झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने गुरुवार को रांची में अपने पिता और झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) प्रमुख और राज्यसभा सांसद शिबू सोरेन की 80वीं जयंती समारोह के अवसर पर केक काटा।

# पाकिस्तान के कुछ हिस्सों में छह तीव्रता का भूकंप

इस्लामाबाद/भाषा। पाकिस्तान के कई शहरों में बृहस्पतिवार को छह तीव्रता का भूकंप महसूस किया गया, जिसका केंद्र पड़ोसी अफगानिस्तान के हिंदुकुश क्षेत्र में था। पाकिस्तान के मौसम विभाग ने यह जानकारी दी। अब तक जान माल के नुकसान की कोई सूचना नहीं मिली है। पाकिस्तान मौसम विज्ञान विभाग (पीएमडी) ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि दोपहर 2:20 बजे (स्थानीय समय) आए छह तीव्रता के भूकंप का केंद्र हिंदुकुश क्षेत्र में 213 किलोमीटर की गहराई पर था।

'डॉनन्यूज' टीवी चैनल के मुताबिक, इस्लामाबाद, लाहौर और इसके आसपास के इलाकों तथा खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के कुछ हिस्सों में झटके महसूस किए गए। पंजाब के सरगोधा, खुशाब और उसके आसपास मंडी बहाउद्दीन, भक्कर और नौशेरा में भी झटके महसूस किए गए।'जियो न्यूज' के मुताबिक, भूकंप पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर के मुजफ्फराबाद में भी महसूस किया गया।

अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (यूएसजीएस) के आंकड़ों का हवाला देते हुए 'डॉन' ने बताया कि भूकंप की तीव्रता 6.4 थी, जबकि इसका केंद्र अफगानिस्तान में जुर्म से 44 किलोमीटर दक्षिण-दक्षिण पूर्व में था। जुर्म काबुल से लगभग 500 किलोमीटर उत्तर-पूर्व में स्थित है।

# राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह में जैविक प्रक्रिया से नष्ट होने वाले बर्तनों का होगा उपयोग

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नई दिल्ली/भाषा। राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए अयोध्या में जैविक प्रक्रिया से नष्ट होने वाले खाने के बर्तनों का उपयोग किया जाएगा। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। राम मंदिर ट्रस्ट ने इसके लिए स्थानीय स्तर पर प्राप्त गन्ने की खोई से बनी एवं जैविक प्रक्रिया से नष्ट होने वाली पैकेजिंग सामग्री में विशेषज्ञता रखने वाली कंपनी पक्का लिमिटेड का सहयोग लिया है।

पक्का लिमिटेड के भारत में कारोबार प्रमुख जगदीप हीरा ने कहा, हमारा ब्रांड 'चक' जैविक प्रक्रिया से नष्ट होने वाले बर्तनों के लिए जाना जाता है। इसे राम मंदिर ट्रस्ट ने उदघाटन कार्यक्रम के लिए चयनित किया है। अयोध्या जब राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए लाखों श्रद्धालुओं का स्वागत करने की तैयारी कर रहा है, हम एक पर्यावरण अनुकूल विरासत को प्रोत्साहित करने के लिए अपनी भूमिका निभाने को लेकर आशान्वित हैं। उन्होंने कहा, राम मंदिर ट्रस्ट के साथ इस सहयोग में, हमने मंदिर को जैविक प्रक्रिया से नष्ट होने वाले खाने के बर्तनों की पेशकश की है, जो इस पवित्र अवसर के मूल्यों के अनुरूप है। पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी, प्रकृति का सम्मान, और हमारे आसपास के पवित्र वातावरण के संरक्षण के जरिये हमारा लक्ष्य हरित अयोध्या में योगदान देना है। इस साझेदारी का लक्ष्य राम मंदिर परिसर के आसपास अयोध्या में कार्यक्रम के बाद पर्यावरण हितैषी व्यवहारों को बढ़ावा देना है। सहयोग का लक्ष्य उत्तर प्रदेश सरकार की पहल, अयोध्या को प्लास्टिक मुक्त क्षेत्र बनाएं' के अनुरूप सकारात्मक पर्यावरण प्रभाव पैदा करना है।

हीरा ने कहा कि जैविक प्रक्रिया से नष्ट होने वाले इन बर्तनों का उपयोग कर, राम मंदिर ट्रस्ट मंदिर के उदघाटन के पहले और बाद में पर्यावरण हितैषी व्यवहारों का उदाहरण स्थापित करना और अन्य को व्यावहारिक विकल्पों को अपनाने के लिए प्रेरित करना चाहता है। उन्होंने कहा, हमारी योजना जैविक प्रक्रिया से नष्ट होने वाले एवं खाने के लिए उपयोग किए जाने वाले 10 लाख बर्तन उपब्लध कराने की है। समारोह में 22 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के भाग लेने का कार्यक्रम है।



# विरोध के चलते नेटफ्लिक्स ने हटाया अन्नपूर्णी को

**मुंबई/एजेन्सी**

साउथ सिनेमा की लेडी स्टार नयनतारा की फिल्म 'अन्नपूर्णी' नेटफ्लिक्स पर अपने प्रदर्शन के बाद से ही विवादों में है जिसे लेकर कई लोगों ने विरोध किया था। इस फिल्म में नयनतारा के मुँह से भगवान श्रीराम को 'मांस खाने वाला' बताया गया है। फिल्म प्रदर्शन के बाद से इसका जबरदस्त विरोध हो रहा था। लेकिन अब हिंदुओं की आस्था का ध्यान रखते हुए इस फिल्म को ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स से हटा दिया गया है। इस बात की जानकारी साउथ फिल्मों के जानकार उहीळीींहिशी घरपरसरीरक्ष ने अपने आधिकारिक एक्स अकाउंट पर एक पोस्ट कर दी है। उन्होंने एक पोस्ट में लिखा, 'एक हफ्ते पहले नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई लेडी सुपरस्टार फिल्म को अब स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म से हटा दिया गया है। इसके अलावा तक्ष्ज के प्रवक्ता ड्हीळीरक्ष छरळी ने हाल ही में अपने अकाउंट पर एक पोस्ट में लिखा, 'हमें इस बात की खुशी है नशशर्डीीवळी को अपनी गलती का एहसास हुआ है और कृपया ध्यान दें कि हमने कभी भी किसी फिल्म की रचनात्मक स्वतंत्रता में हस्तक्षेप नहीं किया है, लेकिन हिंदुओं की आलोचना और मजाक कभी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।' बता दें कि हाल ही में हिन्दू धर्म की भावनाओं को ठेस का आरोप लगाते हुए पूर्व शिवसेना नेता रमेश सोलंकी ने फिल्म निर्माताओं के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। उन्होंने द पर लिखा, 'मैंने एंटी हिन्दू और एंटी हिन्दू नेटफ्लिक्स के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। इसके साथ ही उन्होंने अपने पोस्ट में लिखा है कि फिल्म मेकर्स ने भगवान राम का अपमान किया है।उन्होंने फिल्म को हिंदू विरोधी बताया और इसके कुछ विवादास्पद दृश्यों की ओर इशारा किया, जिनमें से एक में भगवान राम को 'मांस खाने वाला' बताया गया है।



# फिल्म 'रंग दे बसंती' का गाना 'राम जी की जय हनुमान जी जय' रिलीज

**मुंबई/वार्ता**

एस आर के म्यूजिक प्रस्तुत खेसारीलाल यादव की फिल्म रंग दे बसंती का गाना राम जी की जय हनुमान जी जय रिलीज हो गया है। गाना राम जी की जय हनुमान जी जय को दिलेर मेंहदी ने गाया है।खेसारीलाल यादव ने कहा कि बाबा श्री बागेश्वर धाम महाराज जी के पवित्र हाथों से हमारा गाना राम जी की जय हनुमान जी जय अयोध्यापति श्री राम के प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व रिलीज हुआ है। यह हमारे लिए सौभाग्य की बात है। मुझे पूरा विश्वास है कि सियावर श्री राम और बाबा बागेश्वर जी महाराज की कृपा से यह गाना और हमारी फिल्म साल की सबसे बड़ी कामयाबी हासिल करेगा। लेकिन इसके लिए आप तमाम भक्तो और सिने प्रेमियों से आग्रह है कि आप हमारे इस गाने को खूब प्यार और दुलार दें।

वहीं, फिल्म निर्माता रौशन सिंह ने कहा कि रंग दे बसंती हमारी एक महत्वपूर्ण फिल्म है और गाना राम जी की जय हनुमान जी जय उसका खास गाना है, जिसकी मेकिंग शानदार तरीके से हुई है। दिलेर मेंहदी की प्लेबैक सिंगिंग, खेसारीलाल यादव और डायना खान का धमाकेदार डांस एवं ओम झा की म्यूजिक सब एक पर एक है, जो इस गाने की भव्यता को एक अलग ही लेवल पर ले जाता है। हम अपने इस गाने को प्रभु श्री राम की चरणों में समर्पित करते हैं। उनकी प्राण प्रतिष्ठा से पहले यह गाना हर लोगों के जुबान पर हो, यही हमारी कामना है।

गौरतलब है कि फिल्म रंग दे बसंती के निर्माता रौशन सिंह और सह निर्माता शर्मिला आर सिंह हैं। निर्देशक प्रेमांशु सिंह हैं। फिल्म में खेसारीलाल यादव, रति पांडे और डायना खान के साथ अमिताभ भट्टाचार्य, फिरोज खान और मास्टर ऋषभ यादव राज प्रेमी, निकिता भारद्वाज और चाहत प्रमुख भूमिका में हैं। फिल्म की कहानी मनोज कुशवाहा ने लिखी है। संगीतकार ओम झा है।

# प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होंगे आडवाणी : विहिप

नई दिल्ली/भाषा। विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के प्रमुख आलोक कुमार ने बृहस्पतिवार को कहा कि राम मंदिर आंदोलन में अग्रणी भूमिका निभाने वाले भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के दिग्गज नेता लालकृष्ण आडवाणी 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाले प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होंगे। हालांकि, अभी यह स्पष्ट नहीं है कि पार्टी के वरिष्ठ नेता मुरली मनोहर जोशी समारोह में शामिल होंगे या नहीं। कुमार ने कहा, आडवाणी जी ने कहा है कि वह आएंगे। अगर जरूरत पड़ी



तो हम उनके लिए विशेष व्यवस्था करेंगे। जोशी के बारे में कुमार ने कहा, उन्होंने भी कहा है कि वह इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आने की कोशिश करेंगे। उल्लेखनीय है कि 96 वर्षीय आडवाणी भाजपा के संस्थापक सदस्य हैं और जोशी के साथ उन्होंने 1990 के दशक की शुरुआत में राम मंदिर आंदोलन में अग्रणी भूमिका निभाई थी। जोशी भी भाजपा के संस्थापक सदस्य हैं।

राम मंदिर ट्रस्ट ने पिछले महीने कहा था कि अयोध्या में राम मंदिर आंदोलन के अगुवा रहे आडवाणी और जोशी के अपने स्वास्थ्य और उम्र संबंधी कारणों के चलते अगले महीने होने वाले प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने की संभावना नहीं है।



# फिल्म 'अर्धनारी 2' का लुक रिलीज

**मुंबई/वार्ता**

रामा प्रसाद प्रोडक्शन एवं चन्द्रवर्षा इंटरटेनमेंट प्रा. लि. प्रस्तुत फिल्म अर्धनारी 2 का लुक रिलीज हो गया है। फिल्म अर्धनारी 2 में यश कुमार और अवधेश मिश्रा मुख्य भूमिका में नज़र आने वाले हैं। इस फिल्म के निर्माता अपूर्व मेड़तिया, रामा प्रसाद, मोनिका सिंह और चंद्रेश मेहता हैं, जबकि निर्देशक राज किशोर प्रसाद (राजू) हैं।

इस फिल्म को लेकर यश कुमार ने कहा कि अर्धनारी एक शानदार फिल्म थी। उसकी सफलता के बाद इस फिल्म को बनाया जा रहा है। अर्धनारी 2 एक संजीदा फिल्म है। फिल्म का निर्माण भव्यता के साथ हुआ है और यह फिल्म पिछली फिल्म से अलग होगी। फिल्म में हर किरदार महत्त्वपूर्ण है। मैंने एक बार फिर से एक अभूतपूर्व किरदार को जिया है। फिल्म की कहानी और संवाद केन्द्रीय भूमिका में है।दर्शकों को फिल्म का लुक यकीनन पसंद आएगा। फिल्म का ट्रेलर भी जल्द ही आएगा और मुझे पूरा विश्वास है कि दर्शक फिल्म के ट्रेलर को पसंद करेंगे। साथ ही हम आग्रह यह भी करेंगे कि जब फिल्म रिलीज हो, तब उसे जरूर देखने अपने परिवार के साथ जाएं। अर्धनारी 2 की कहानी यश कुमार एवं एस. के. चौहान ने लिखी है। पटकथा एवं संवाद एस. के. चौहान का है। संगीतकार मुन्ना दुबे हैं। गीतकार प्यारेलाल यादव, शेखर मधुर, मुन्ना दुबे हैं।



# अभिनेता संजय दत्त पहुंचे गया, पितरों की आत्मा की शांति के लिए किया पिंडदान

**गया/वार्ता**

बॉलीवुड अभिनेता संजय दत्त ने बिहार में मोक्षनगरी के रूप में विश्व विख्यात गया पहुंचकर पितरों की आत्मा कि शांति के लिए आज पिंडदान किया। अभिनेता संजय दत्त गुरुवार को गया अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डा पहुंचे, जहां से वे सड़क मार्ग से प्रसिद्ध विष्णुपद मंदिर पहुंचे। विष्णुपद मंदिर के प्रांगण में उन्होंने अपने माता-पिता और पूर्वजों की आत्मा की शांति के लिए पिंडदान कर्मकांड किया। स्थानीय पंडा गोपालकृष्ण त्रिवेदी ने पूरे धार्मिक विधि-विधान से पिंडदान कर्मकांड की प्रक्रिया को संपन्न कराया।

इस दौरान संजय दत्त की पत्नी के साथ ही उनकी बेटी त्रिशाला दत्त भी मौजूद रही। साथ में उनके अन्य कई करीबी रिश्तेदार भी थे। हालांकि श्री दत्त ने हवाईअड्डा पर पत्रकारों के अयोध्या जाने के संबंध में पूछे गए सवाल पर केवल इतना ही कहा, मैं अयोध्या जाऊंगा, मेरी इच्छा भी है। इस दौरान अभिनेता की एक झलक पाने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। सुरक्षा को लेकर पुलिस की जगह-जगह तैनाती की गई थी। कड़ी सुरक्षा के बीच उन्होंने पिंडदान कर्मकांड संपन्न किया।

# सिनेमाई ब्रह्मांड की शुरुआत है अनोखी सुपरहीरो फिल्म 'हनुमान'

**मुंबई/एजेन्सी**

'हनुमान' के निर्देशक प्रशांत वर्मा ने निर्माताओं के साथ मिलकर दर्शकों के लिए भारतीय धर्मग्रंथों और पौराणिक कथाओं के जरिए सिनेमाई अनुभव को बदलने का लक्ष्य रखा है। इस योजना में नए पात्रों को पेश करना और युवा पीढ़ी के बीच भारतीय धर्मग्रंथों में रुचि जगाने में मदद करना शामिल है। निर्माता आर.के. दुग्गल ने कहा, हनुमान शायद हमारी लाइब्रेरी की सबसे महत्वपूर्ण फिल्म है। प्रशांत और हमारी टीम ने इस परियोजना के विकास के लिए दो साल से अधिक समय तक काम किया है। मेरी टीम इस फिल्म से भावनात्मक रूप से जुड़ी हुई है। हम उम्मीद कर रहे हैं कि हम जो बनाने के लिए एक साथ आए हैं वह दर्शकों को पसंद आएगा।''

उन्होंने कहा, यह सिर्फ एक फिल्म नहीं है, यह सुपरहीरो का एक पूरा ब्रह्मांड है जिसे





निर्देशक भारतीय इतिहास (इतिहास) के आधार पर बनाने की कोशिश कर रहे हैं। दुग्गल ने कहा, हम टेलीविजन व्यवसाय से आते हैं, हमारी सामग्री उन लोगों की जरूरतों को पूरा करती है जो पारिवारिक फिल्में देखना पसंद करते हैं। आज हम जो सामग्री बना रहे हैं, वह निश्चित रूप से हमारी आने वाली पीढ़ियों को प्रभावित करेगी।

उन्होंने कहा, मैंने फिल्म के निर्देशक प्रशांत वर्मा के साथ उनकी पिछली फिल्म 'ज़ॉम्बी रेड्डी' पर काम किया है और मुझे यकीन था कि वह एक बहुत ही सक्षम निर्देशक हैं। उनके साथ हमारी बड़ी योजनाएं हैं और हम एक समान दृष्टिकोण साझा करते हैं। आप आने वाले वर्षों में देखेंगे कि वह हमारे उद्योग के शीर्ष निर्देशकों में से एक होंगे।'' 'हनुमान' आरकेडी स्टूडियो द्वारा प्रस्तुत की गई है, जबकि प्राइमशो एंटरटेनमेंट (निरंजन रेड्डी) फिल्म के निर्माता हैं।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
www.dakshinbharat.com
epaper.dakshinbharat.com
/dakshinbharat /dakshinbharat
DAKSHIN BHARAT RASHTRAMAT HINDI DAILY
RNI No. : TNHIN/2013/52520
Regn No. : TN/CCN/613/2014-2016
posted at Patrika Channel,
Egmore RMS, Chennai-8

अहिंसा धर्म परमात्मा का धर्म है। जहां पर अहिंसा है, वहां पर अमृत है, जहां पर हिंसा है वहां पर विष है, जहां पर अहिंसा की प्राण-प्रतिष्ठा होती है वहां का वातावरण भय मुक्त हो जाता है। परमात्मा में परमाणुओं का दिव्य प्रभाव हुआ करता है, बकरी और शेर भी एक साथ बैठकर निर्भय होकर परमात्मा की वाणी को श्रवण करते थे। जहां पर अहिंसा, करुणा और मानवता की भावना होती है वहां पर उनका जीवन धन्य हो जाता है। अहिंसा की प्रतिमूर्ति थी साध्वीश्री यंशकवरजी।



## ईशा योग आश्रम में रिकार्ड लोगों के कदम

कोयम्बटूर के पास स्थित ईशा योगा फाउंडेशन द्वारा संचालित योग आश्रम, जिसमें विश्व प्रसिद्ध ध्यानलिंगम, आदि योगी मूर्ति और लिंगा भैरवी का भव्य मंदिर है, में वर्ष 2023 में रिकार्ड 80 लाख से अधिक लोग यहां पहुंचे। इस आश्रम में नि:शुल्क प्रवेश है। विश्व की सबसे बड़ी धातु की प्रतिमा आदियोगी की यहां पर है। मार्च में होने वाले महाशिवरात्रि में लगभग 5 लाख लोगों का यहां आना होता है जो यहां होने वाले विश्व स्तरीय कार्यक्रमों के गवाह बनते हैं।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत | www.dakshinbharat.com



# इवेन्ट सेक्टर के पक्ष में जीतो साउथ ने शुरु की नई पहल 'पक्ष'

## बिजनेस ई-स्मारिका को भी किया लांच

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। जैन इन्टरनेशनल ट्रेड आर्गेनाइजेशन (जीतो) साउथ चैप्टर के तत्वावधान में समाज के भीतर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों तथा आथित्य सत्कार जैसे इवेंट सेक्टर को एक मंच प्रदान करने व इस क्षेत्र में कार्यरत समुदाय को एक साथ लाने के उद्धेश्य से एक नवीनतम पहल 'पक्ष' का शुभारंभ किया गया। चामराजपेट स्थित कार्यालय में सेवा के क्षेत्र में कदम बढ़ा रहे समाज के नवोदित व्यवसायियों की इस अनूठी पहल की शुरुआत की गई। इस मौके पर चैप्टर के अध्यक्ष दिनेश बोहरा ने कहा कि समुदाय में सकारात्मक बदलाव लाने के लिये तैयार एक गतिशील शक्ति का प्रदर्शन करने वाली योजना 'पक्ष' से इस क्षेत्र में कार्य करने वाले युवाओं को बल मिलेगा। मुख्य सचिव दीपक श्रीश्रीमल ने 'पक्ष' पहल के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

परियोजना संयोजक कोमल भंडारी ने 'पक्ष' के दृष्टिकोण, मिशन और उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए विविधता में एकता, सहयोगात्मक उत्कृष्टता, असीमित अवसर व परिवर्तनकारी नेतृत्व पर जोर दिया गया। पक्ष अनावरण के दौरान पूरे भारत में वितरित की जाने वाली बिजनेस ई–स्मारिका को भी लॉंच किया गया। यह स्मारिका जीतो की वेबसाइट पर उपलब्ध होगी। केकेजी ज़ोन जेबीएन संयोजक तुषार बाफना ने नई पहल की उपयोगिता व भूमिका पर जोर दिया। पक्ष योजना समिति सदस्य तेजपाल जैन ने इस योजना में शामिल होने के कई लाभों पर प्रकाश डाला, जिसमें सहयोग के अवसर, होटल और कार्यक्रम स्थलों के साथ मजबूत संबंध, निवेशकों तक पहुंच, व्यापार निर्देशिका में शामिल होना, उद्योग विशेषज्ञों द्वारा कार्यशालाओं और ज्ञान सत्र शामिल हैं। इस अवसर पर जीतो साउथ के कोषाध्यक्ष अशोक मेहता, संयुक्त कोषाध्यक्ष सीए अक्षय मेहता, सचिव श्रीपाल बच्चावत, प्रबंधन समिति सदस्य गणपाल बागरेचा, राजेश इसरानी सहित अनेक सदस्य उपस्थित थे।

स्वागत — दक्षिण भारत राष्ट्रमत



कोयम्बटूर में गुरुवार को यहां पहुंचे केन्द्रीय राज्य जल शक्ति मंत्री श्री बिश्वेश्वर टुडू का हवाई अड्डे पर भाजपा के कार्यकर्ता हरीश पटेल ने राजस्थानी साफा पहना कर एवं माला पहनाकर स्वागत किया। इस मौके पर मनीष, सतीश कुमार एवं इरोड भाजपा विधायक सरस्वती देवी उपस्थित थीं।





# गणिवर्य मेहुल प्रभासागर का हुआ नगर प्रवेश स्वागत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

कोयम्बटूर। यहां आचार्यश्री जिनमति प्रभसूरीश्वरजी म. सा. के निर्देश और आशीर्वाद से गणिवर्य श्री महेुलप्रभश्रीजी म. सा. और मुनिश्री मंथनप्रभसागरजी म. सा. ने विहार करते हुए आज सुबह पीलूमेडु स्थित अतुल फैक्टरी से कोयम्बटूर में नगर प्रवेश किया। मुनिवृंद अविनाशी रोड फ्लाई ओवर स्थित इलेक्ट्रिक जोन के सामने प्रवेश के समय लोगों ने जयजयकारों से साथ उनका स्वागत किया। यहां से फूल मार्केट स्थित वर्धमान ग्रांड के मुनिसुवरत जैन मंदिर पहुंचे। जहां सिर पर कलश व स्तवनों से महिला परिषद की अध्यक्ष शिल्पा नाहटा और अन्य महिलाओं ने स्वागत किया।

मंदिर में सभी का स्वागत जवंतराज बागरेचा और ट्रस्टी बाबूलाल बागरेचा ने किया। इस मौके पर खरतरगच्छ संघ के उपाध्यक्ष पूनम झाबक, सचिव श्यामसुन्दर लूनिया, प्रदेश यु्वक परिषद अध्यक्ष दीपक नाहटा, जिला युवक परिषद अध्यक्ष प्रकाश बोथरा सहित अनेक सदस्य उपस्थित थे।

# बेंगलूरु और तिरुचिरापल्ली के बीच विशेष ट्रेनें



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। दक्षिण पश्चिम रेलवे ने पोंगल त्योहार के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को कम करने के लिए एसएमवीटी बेंगलूरु – तिरुचिरापल्ली – एसएमवीटी बेंगलूरु सेक्टर में विशेष ट्रेनों को अधिसूचित किया है। ट्रेन नंबर 06577 एसएमवीटी बेंगलूरु–तिरुचिरापल्ली पोंगल स्पेशल 12 जनवरी, 2024 (शुक्रवार) को 14.30 बजे एसएमवीटी बेंगलूरु से रवाना होगी और उसी दिन (1 सेवा) 23.30 बजे तिरुचिरापल्ली पहुंचेगी।

वापसी दिशा में ट्रेन नंबर 06578 तिरुचिरापल्ली – एसएमवीटी बेंगलूरु पोंगल स्पेशल 13 जनवरी, 2024 (शनिवार) को 04.45 बजे तिरुचिरापल्ली से रवाना होगी और उसी दिन 12.00 बजे एसएमवीटी बेंगलूरु पहुंचेगी (1 सेवा)। इस ट्रैन में कोच संरचना : 2 एसी टू टियर कोच, 6 एसी थ्री टियर कोच, 8 स्लीपर क्लास कोच, 2 सामान्य द्वितीय श्रेणी कोच, 2 द्वितीय श्रेणी कोच (दिव्यांगजन अनुकूल) होंगे। ट्रेन नंबर 06577 एसएमवीटी बेंगलूरु – तिरुचिरापल्ली पोंगल स्पेशल का तिरुचिरापल्ली किले में अतिरिक्त ठहराव होगा

## यशवंतपुर और कोचुवेली के बीच त्योहार विशेष ट्रेनें

**चेन्नई।** दक्षिण पश्चिम रेलवे ने पोंगल त्योहार के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को कम करने के लिए यशवंतपुर–कोचुवेली–यशवंतपुर सेक्टरों में विशेष ट्रेनों को अधिसूचित किया है। ट्रेन नंबर 06235 यशवंतपुर – कोचुवेली फेस्टिवल एक्सप्रेस स्पेशल 13 जनवरी (शनिवार) को 23.55 बजे यशवंतपुर से रवाना होगी और अगले दिन (1 सेवा) 19.10 बजे कोचुवेली पहुंचेगी। वापसी दिशा में ट्रेन संख्या 06236 कोचुवेली–यशवंतपुर फेस्टिवल एक्सप्रेस स्पेशल 14 जनवरी, 2024 (रविवार) को 22.00 बजे कोचुवेली से रवाना होगी और अगले दिन 16.30 बजे यशवंतपुर पहुंचेगी। इस ट्रेन में कोचों की संरचना 1 एसी प्रथम श्रेणी कोच, 2 एसी टू टियर कोच, 6 एसी थ्री टियर कोच, 1 पैंट्री कार, 8 स्लीपर क्लास कोच, 2 सामान्य द्वितीय श्रेणी कोच, 2 सामान सह ब्रेक वैन होंगे।

# आईश्री सोनल माता का जन्मोत्सव कल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



चेन्नई। यहां आईश्री सोनल माताजी का 100वाँ एवं श्री तमिलनाडु चारण समाज द्वारा चेन्नई में ये 18वाँ जन्मोत्सव मनाया जाएगा। समाज सचिव हिंगलाजदान चारण आकली ने बताया कि शनिवार 13 जनवरी को चेन्नई में साहुकारपेट स्थित श्रीहिंगलाज भवन में यह कार्यक्रम रहेगा। सुबह पूजा अर्चना एवं माताजी के भवन एवं चिरजा व डांडिया रास होगा। कार्यक्र में बड़ी संख्या में सभी जगह से समाज बंधु उपस्थित होंगे। अधिक जानकारी के लिए फोन नं. 9600098279 पर सम्पर्क कर सकते हैं।



# राजस्थान विधायक का किया सम्मान

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। राजस्थान विधानसभा चुनाव जीतकर पहली बार बेंगलूरु प्रवास पर आए राजस्थान सहाड़ा के नवनिर्वाचित विधायक लादूलाल पितलिया का विभिन्न सभा संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने सम्मान किया। सुमेरपुर विधानसभा क्षेत्र प्रवासी संघ के अध्यक्ष अश्विन सेमलानी, कर्नाटक इनरवियर एसोसिएशन के अध्यक्ष दिलीप जैन, पूर्व अध्यक्ष रमेश जैन, पूर्व सचिव ओमप्रकाश हेडा, ओकचन्द जैन, जयक्रांति युवा सेना के विनोद चौहान, भरत चौहान, अभिनंदन जैन, मूलसिंह राजपुरोहित, अशोक सावन, गौरव शर्मा, गजेन्द्र सिंह आदि ने लादूलाल पितलिया का सम्मान किया तथा उन्हें बधाई दी।

अपने सम्मान के अवसर पर विधायक लादूलाल पितलिया ने कहा कि वे राष्ट्रहित व समाजहित को सर्वोपरि मानते हुए सदैव विकास कार्य करता रहूंगा। उन्होंने अपने सम्मान के लिए सभी को धन्यवाद दिया।



# 'जीवन में पापों का प्रायश्चित जरूरी'

## अर्हम ग्रुप ने बांटे आलोचना पत्र

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के आदिनाथ जैन श्वेताम्बर संघ, चिकपेट में गत चातुर्मासार्थ विराजित आचार्यश्री अभयशेखरसूरीश्वरजी के शिष्य पन्यासश्री जयभानुशेखरविजयजी की प्रेरणा से सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भव आलोचना पत्र के लिए आलोचना आवेदन दिए। इन आलोचना पत्रों में श्रद्धालुओं ने अपने पापों के प्रायश्चित स्वरूप आलोचना आवेदन किया। इस मौके पर पन्यासश्री ने कहा कि ऐसे पाप जो शायद प्रतिक्रमण की क्रिया में भी नष्ट हुए बिना रह गए हो, उनके लिए गुरुदेव से आलोचना ली जाती है जो आत्मविशुद्धि का कारण बनती है।

ये हर जैन का कर्तव्य है कि वो अपने किए हुए पापों की आलोचना करें। पन्यासश्री वर्तमान में पार्श्व सुशील धाम में विराजित है, आलोचना पत्र के वितरण की ज़िम्मेदारी अर्हम् ग्रुप को दी गई। अर्हम् ग्रुप के सदस्यों ने 150 से अधिक श्रद्धालुओं को यह आलोचना पत्र वितरित किए है।

# आपसी स्नेह और प्रेम से होता है विवादों का हल : आचार्य महेन्द्रसागरसूरी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



अरसीकेरे। यहां के वासुपुज्यस्वामी जैन श्वेताम्बर संघ में विराजित आचार्यश्री महेन्द्रसागरसूरीश्वरजी ने उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि हमें जीवन में छोटे छोटे विवादों पर आपसी प्रेम और सद्भाव कभी खत्म नहीं करना चाहिए।

बल्कि आपसी स्नेह–प्रेम से अपने मन के सभी विवाद खत्म कर देने चाहिए, इसमें हम सभी का हित है और भगवान की यही हिदायत है। जैसे फलदार पेड और गुणवान व्यक्ति ही झुकते है, सूखा पेड और मूर्ख व्यक्ति कभी नहीं झुकते और टूट जाते हैं, वैसे ही जो श्रावक विनय और विवेक से विभूषित होता है उसका जीवन हमेशा सफल होता है। हमें अपने जीवन में राग–द्वेष से वशीभूत होकर संघ समाज के लिए कोई फैसला व कार्य नहीं करना चाहिए। समभाव से कोई की कार्य करना सफलता दिलाता है। आचार्यश्री की निश्रा में उनकी प्रेरणा से नए ट्रस्ट मंडल का गठन किया गया जिसमें संघ के अध्यक्ष पारसमल वेदमुथा, उपाध्यक्ष माणकचन्द सुन्देशा, कोषाध्यक्ष छगनलाल सोलंकी, सहकोषाध्यक्ष ज्ञानेश मेहता, सचिव राजेश सुन्देशामुथा को बनाया गया है, इसके अलावा ट्रस्टियों को शामिल किया गया है।

राम अक्षत — दक्षिण भारत राष्ट्रमत



होसूर के विश्व हिन्दू परिषद पत्रिका वितरण दल ने गुरुवार को सीरवी समाज बडेर में श्री राम जन्मभूमि अयोध्या मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए आमंत्रण देते हुए पीले अक्षत वितरित किए। बडेर के पूर्व कोषाध्यक्ष भंवरलाल सेपटा, पुजारी भीकाराम, दलाराम गहलोत एवं सूचना मंत्री लक्ष्मणराम परिहारिया सहित अनेक पदाधिकारियों ने पीले अक्षत ग्रहण किए।

Published by Bhupendra Kumar on behalf of New Media Company, Arihant Plaza, 2nd Floor, 84-85, Wall Tax Road, Chennai-600 003 and printed by R. Kannan Adityan at Deviyin Kanmani Achagam, 246, Anna Salai, Thousand Lights, Chennai-600 006.
Regn No. RNI No. : TNHIN / 2013 / 52520 **Editor : Bhupendra Kumar** (Responsible for selection of news under PRB Act.). Group Editor - Shreekant Parashar.
Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.